हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 12 नवंबर 2024
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर




**प्रदेश में धान खरीदी 2024-25 का टारगेट 25.76 लाख किसान**

**धान खरीदी के लिए 32.5 लाख हेक. रकबा**

**60 लाख मिट्रिक टन होगी धान की खरीदी**

## किसानों का 'सोना' तैयार...

**भिलाई।** धान के कटोरे में किसानों की मेहनत का सोना तैयार हो गया है। इस साल खेती के अनुकूल बारिश हुई है। जिससे धान की पैदावार ज्यादा होने की उम्मीद है। इसलिए किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। 14 नवंबर से दुर्ग जिले सहित छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होने जा रही है इसलिए फसल कटाई तेजी से चल रही है। स्थानीय सहित पंजाब, हरियाणा से आए हार्वेस्टर से फसलों की कटाई करवाई जा रही है। प्रदेश में इस बार पिछली बार से करीब 1 लाख मिट्रिक टन धान की खरीद ज्यादा होगी। राज्य के 26.76 लाख किसानों से 60 लाख मिट्रिक टन धान सरकार खरीदेगी। किसानों की मांग अब सरकार से रबी फसलों के लिए है कि वे समय पर खाद और बीज उपलब्ध करवा दें।

**खबर संक्षेप**

### 150 उद्यानों की करवाई जा रही साफ-सफाई



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित उद्यानों का कार्ययोजना बनाकर की जा रही है साफ-सफाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 उद्यान है, जिसका संधारण एवं रखरखाव उद्यान विभाग के श्रमिक लगाकर कराया जाता है। सभी उद्यानों में फलदार, फूलदार, छायादार पौधे, फूलो की क्यारी, खेल सामग्री एवं घूमने के लिए पाथवे भी बनाया गया है। जहां प्रतिदिन आस-पास के वरिष्ठ नागरिक टहलने एवं बच्चे खेलने आते रहते है। उनकी सुविधा को देखते हुए उद्यानों की साफ-सफाई कराई जा रही है। नगर निगम भिलाई के उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू प्रतिदिन उद्यानों की मॉनिटरिंग करते है। जिन उद्यानों के घॉस, किनारे के पेड़ बड़े हो जाते है डाली इधर-उधर फैल जाते है उसे श्रमिकों की टीम लगाकर कटाई-छटाई कराया जाता है। जिससे आने वाले नागरिको एवं बच्चों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निगम के पांचों जोन क्षेत्र में उद्यान बनाया गया है। जहां पर आवश्यकतानुसार श्रमिक लगाकर साफ-सफाई कराया जा रहा है। साथ ही पौधो एवं क्यारी में पानी की सिंचाई, खाद इत्यादि डालकर पौधो को हरा-भरा रखा जा रहा है। रोड के बीच बने डिवाइडरो में टेंकर के माध्यम से पानी की सिंचाई भी कराई जा रही है, जिससे सभी पेड़-पौधे जीवित रहे। नगर निगम भिलाई द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उद्यानों में टहलने घूमने आने वाले सभी नागरिकों एवं बच्चों से यह भी अपील की गई है कि गार्डन में फूल पौधों को नुकसान ना पहुंचाएं, किसी प्रकार का गंदगी न करें, कोई दूसरा करता है तो उसे भी रोकने का प्रयास करें। इससे हमारा गार्डन और खूबसूरत रहेगा।

### इनसाइट स्टोरी : लोगों में दहशत फैलाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा

# गैंगस्टर 20-20 के नाम पर जोश का इंस्टाग्राम लिखा, छत्तीसगढ़ का यह ओरिजनल किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आदतन बदमाश अमित जोश उर्फ मोरिस का एनकाउंटर होने के बाद भी लोग इसके अपराध से जुड़े कहानी को लगातार बयां कर रहें है। जोश की कहानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। आदतन बदमाश अमित जोश के मारे जाने के बाद से सोशल मीडिया के एकाउंट में उसके चहेतों की लंबी लाइन लगी हुई है। सोशल मीडिया पर अमित जोश का फोटो लगाकर लिखा है कि छत्तीसगढ़ का ओरिजनल किंग आई मिस यू भाई।इस तरह सोशल मीडिया अपराधी अमित जोश के चहेतों ने मानों एक कैंपिन चला रखा है।

अमित जोश खुद सोशल मीडिया में गैंगस्टर 20-20, अमित जोश मोरिस, अमित जोश गैंगस्टर भिलाई, जोश मोरिस के नाम पर अपना एकाउंट बना रखा है इस चार एकाउंट में अपने कई वीडियों को अपलोड किया है। जिसमें जेल, थाना और कई गानों के माध्यम से रील बनाकर अपलोड किया है।जितने भी वीडियों सोशल मीडिया में अपलोड है। सभी वीडियों में लोगों को दहशत बनाने का खौफ दिख रहा है। हर एकाउंट में सौ से अधिक लोग जुड़े हुए है। इसके अलाना इंस्टाग्राम में 282 फालोवर्स, 20 लोगों को अमित खुद फॉलो करता था। इससे जुड़े कई लोग अपराध से नाता रखते है इसके अलावा कई वीआईपी भी शामिल है। जिले का बड़ा अपराधी अमित जोश का अपराध मामला देखा जाए तो नाबालिग के समय से ही अपराध के दुनिया में कदम रख लिया था। उसके बाद से अमित जोश पीछे मुडकर नहीं देखा लगातार अपराध करता गया और एक दिन जिले का बड़ा अपराधी बनकर सामने आया।

**ट्विनसिटी में दबदबा बनाने का बनाया माध्यम, अपनी हर वीडियो को करता था अपलोड**

#### ऐसे आया सुर्खियों में

चार माह पहले सेक्टर 6 स्थित ग्लोब चौक में दो युवकों पर गोलीकांड कर अमित जोश काफी सुर्खियों में आ गया था। उसके बाद से पुलिस लगातार गिरफ्तार करने के लिए पुलिस जुटी रही। 36 अपराधों को अंजाम देने वाला अपराधी को भागते हुए एसीसीयू के दो आरक्षक जयंती स्टेडियम के जंगल की ओर जाते देखा था। शाम 5 बजे अमित जोश का वायरलेश में लोकेशन के बारे जानकारी दी गई। इसके बाद एंटी साइबर एंड क्राइम यूनिट प्रभारी तापेश नेताम समेत चार पुलिस वाले वाहन से टाउनशिप में सर्चिंग पर निकले।

#### ड्राइवर सीट पर गोली

जानकारी के मुताबिक गाड़ी डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक चला रहे थे। बैकअप टीम को भी सूचना दे दी गई और 15 मिनट में करीब 5.10 बजे जयंती स्टेडियम के पीछे पहुंचे। अमित जोश ने पुलिस की गाड़ी को पहचान लिया और जंगल की ओर भागने लगा। डीएसपी हेम प्रकाश नायक गाड़ी से उतरने वाले थे कि अमित ने ड्राइवर सीट की तरफ एक के बाद एक दो फायर कर दिया। पहली गोली दरवाजे में अटक गई, लेकिन दूसरी गोली नायक के पैर के पास से गुजरी। जो डेस्क बोर्ड में घुस गई।

**अमित जोश के अब तक के बड़े मामले**

#### हमला

जेल से छूटने के बाद जेलर के घर हमला कर नुकसान पहुचाया। घटना देर रात की थी। जिसकी शिकायत पदमनाभपुर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने अमित जोश की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया।

#### डकैती

खुर्सीपार थाना क्षेत्र में डकैती की योजना बनाते हुए करीब 15 लोगों को पुलिस ने पकड़ा था। जिसमें अमित जोश का भी नाम शामिल था। अमित अपने साथियों के साथ योजना बनाकर अपराध को अंजाम देने वाला था लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया।

#### हत्या

भिलाई नगर थाना क्षेत्र में किसी मलकित नाम के युवक की हत्या कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस पकड़कर जेल भेज दिया था। इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है।

#### गोलीकांड

चार माह पहले ग्लोब चौक सेक्टर 6 में अपराधी अमित जोश अपनी शादी की साल गिरह मनाकर लौट रहा था। इस दौरान दो युवकों पर पिस्टल से फायर कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। उसके बाद से फरार चल रहा था।

**एनकाउंटर में मारे गए अपराधी अमित का सोशल मीडिया एकाउंट भी चौकाने वाला**




#### चार पकड़े गए

मददगारों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। चार को पुलिस ने पकड़ा है। घटनास्थल का मुआयना कराया गया है। अपराध करने वाले हो जाए सावधान, अपराधियों पर पुलिस नकेल कस रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है।

-जितेन्द्र शुक्ला, एसपी

### रिसाली नगर निगम में भी पहुंचे प्रशिक्षु अफसर, कार्यों को देखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिक निगम रिसाली में 11 भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को नगर निगम रिसाली द्वारा शासन की हितग्राही मूलक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नगरीय निकाय की भौगोलिक स्थिति जनसंख्या, वार्डो की संख्या, अनुसुचित जाति, जनजाति वर्ग के मौजुद परिवार की जानकारी देते हुए नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विषय से संबंधित विभाग प्रमुखों ने वार्ड के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के मौजूदगी में प्रशिक्षु अधिकारियों को शासन की गाईड लाईन अनुसार योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अवगत कराया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कचरा निष्पादन की तकनीकी जानकारियों के विषय में बताया गया। घरों, दुकानों, मार्केट क्षेत्र से एकत्रित कचरों को सेरीगेटस करने की विधि बताई गई। रिसायकलिंग प्रक्रिया को समझाया गया। रूआबांधा एस.एल.आर.एम.सेटर ले जाकर प्रायोगिक रूप से कचरों का निष्पादन के बारे में बताया गया। इसके अलावा मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना, श्रम विभाग द्वारा छ.ग. भवन एवं सन्निकार कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना, एपीएल, बीपीएल राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड एवं मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों के द्वारा वस्तुस्थिति की जानकारी लेने मौके पर मुख्यमंत्री मोबाईल युनिट की बस, आंगनबाड़ी केन्द्र, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत हमर क्लीनिक एवं श्रम क्षेत्र में रूआबांधा के आस-पास की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## आईजी ने साइबर जागरुक नागरिकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने सायबर को लेकर जागरुकता लाने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। जिसमें दुर्ग के निवासी नीरज जैन जो गांधी चौक दुर्ग में किराना दुकान का संचालन करते हैं। साइबर ठगी के एक बड़े प्रयास को अपनी सतर्कता और समझदारी से विफल कर दिया। 8 नवंबर को नीरज जैन को अज्ञात नंबर से फोन आया। जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को डॉ. डी.एन. शर्मा बताकर उनके बेटे के लिए विदेश में पैसे भेजने का बहाना बनाकर 85 हजार रुपए भेजने की मांग की थी। ठग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेकर नीरज जैन के परिचित ग्राहक डॉ. डी.एन. शर्मा की आवाज हूबहू नकल कर ठगने का प्रयास किया है। ठग ने नीरज को भरोसे में लेने के लिए एक नकली स्क्रीनशॉट भी भेजा। नीरज के खाते में पैसे भेज दिए हैं। जब नीरज ने अपने बैंक खाते की जांच करने पर पाया कि उनके खाते में कोई रकम नहीं मिली। नीरज जैन ने आई जी के द्वारा चलाए जा रहे साइबर प्रहरी अभियान में थानों के द्वारा बनाए गए डिजिटल बीट सिस्टम में जुड़े कर प्रतिदिन प्राप्त होने वाले साइबर जागरूकता पोस्ट के कारण जागरूक होकर उनके द्वारा जल्दबाजी न करते हुए। ठगो के द्वारा दबाव बनाने की कोशिशों को विफल कर दिया। इस दौरान आईजी ने नीरज और डॉ. डी.एन. शर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सीसीटीएनएस प्रभारी संकल्प राय मौजूद थे।



### तीसरी लाइन के लिए ट्रेनें प्रभावित

**भिलाई।** तीसरी रेल लाइन के कार्य के चलते कई ट्रेने प्रभावित हुई है। जिसमें 17 से 19 नवम्बर तक ट्रेने प्रभावित रहेगी। ट्रेन 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस, ट्रेन 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस, 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जाहिर किया है। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




**अपोलो बीएसआर के पूर्व डॉयरेक्टर के खिलाफ बनी पीड़ितों की समिति**

# डॉ. खंडूजा से पीड़ित करेंगे प्रदर्शन, प्रशासन से मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अपोलो बीएसआर के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ. एमके खंडूजा को सजा दिलाने और अपने पैसे वापस लेने के लिए पीड़ितों ने एक समिति बना ली है। इस समिति के माध्यम से अब आगे की लड़ाई जारी रखेंगे। इन लोगों ने आंदोलन की तैयारी भी शुरू कर दी है। समिति धरना-प्रदर्शन कर डॉ. खंडूजा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करेंगे। साथ ही अपने पैसे वापस हो इसके लिए भी संघर्ष जारी रखेंगे।

#### पीड़ितों ने 13 को आंदोलन की मांगी अनुमति

अपोलो बीएसआर के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ. खंडूजा के खिलाफ पीड़ित लामबंद होने के बाद जिला प्रशासन से धरना-प्रदर्शन की अनुमति मांगी है। समिति के सचिव मैत्रीनगर रिसाली निवासी डीके विश्वकर्मा ने जिले के अनुविभागीय अधिकारी व सक्षम अधिकारी को पत्र देकर कहा है कि 13 नवंबर को धरना-प्रदर्शन करने के लिए अनुमति दी जाए। धरना-प्रदर्शन झाड़ूराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल दुर्ग के सामने करेंगे।

#### 103 लोग समिति से हैं जुड़े

अपोलो बीएसआर के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ. खंडूजा के खिलाफ जो संघर्ष समिति बनी है उनमें 103 लोग जुड़ गए हैं। यह संख्या और भी बढ़ सकती है। डॉ. खंडूजा ने आम लोगों से भी हॉस्पिटल में शेयर के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की। इन लोगों ने अपने बचत के पैसे और जीवन की गाढ़ी कमाई लगा दी। बाद में डॉ. खंडूजा फरार हो गया। कई लोग अपने पैसे के इंतजार में उम्रदराज हो चुके हैं।

#### आरोपी को नहीं मिली है ठगी के मामले में जमानत



अपोलो बीएसआर के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ. खंडूजा की दुर्ग जिला न्यायालय में सुनवाई चल रही है। डॉ. खंडूजा ने लोगों को उनके पैसे लेने के एवज में चेक भी दिए थे। ये चेक बाउंस हो गए। तब कोर्ट में लोगों ने बाउंस चेक के आधार पर याचिका लगाई। कुछ लोग पुलिस में गए और वहां से कोर्ट में मामला चल रहा है। डॉ. खंडूजा इन दिनों सेंट्रल जेल दुर्ग में निरूद्ध हैं। आरोपी डॉ. खंडूजा ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में भी जमानत के लिए अर्जी लगाई है लेकिन फिलहाल उसे राहत नहीं मिल पाई है। डॉ. खंडूजा द्वारा भिलाई-दुर्ग के कई डॉक्टरों से ठगी की गई है। डॉक्टरों द्वारा भी पुलिस में शिकायत की गई है। शिकायत पर कार्रवाई जारी है।

#### जमानत के बाद फरार होने की आशंका

पीड़ितों ने बताया कि इस मामले में सबसे ज्यादा आशंका आरोपी डॉ. खंडूजा के जमानत के बाद फरार हो जाने की है। इसलिए पीड़ित लगातार पुलिस व जिला प्रशासन से न्याय की अपील कर रहे हैं। डॉ. खंडूजा व उनके परिवार के प्रदेश से भाग जाने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक से उनका पासपोर्ट भी जप्त करने की कार्रवाई करने की मांग कर चुके हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

# तुलसी विवाह एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं



## विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| नवंबर 12 | मंगलवार |
| नवंबर 13 | बुधवार |
| नवंबर 16 | शनिवार |
| नवंबर 17 | रविवार |
| नवंबर 18 | सोमवार |
| नवंबर 22 | शुक्रवार |
| नवंबर 23 | शनिवार |
| नवंबर 25 | सोमवार |
| नवंबर 26 | मंगलवार |
| नवंबर 28 | गुरुवार |
| नवंबर 29 | शुक्रवार |
| दिसंबर 4 | बुधवार |
| दिसंबर 5 | गुरुवार |
| दिसंबर 9 | सोमवार |
| दिसंबर 10 | मंगलवार |
| दिसंबर 14 | शनिवार |
| दिसंबर 15 | रविवार |



KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

रूही मोटर्स
प्रो. मुकेश सोनी मो.: 93016-28723
प्रो. विजय यादव मो.: 80852-53513
आर.टी.ओ., इंश्योरेंस एवं फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
पता : करहीडीह चौक, धमधा रोड, दुर्ग (छ.ग.)

श्री जी पैलेस
सगाई से लेकर विदाई तक
मांगलिक प्रांगण
केटरिंग, डेकोरेशन & इवेंट मैनेजमेंट
शादी विवाह, बर्थ-डे पार्टी के लिये उपलब्ध है
एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं
30000 वर्गफीट गार्डन एरिया
5000 वर्गफीट हॉल एरिया
12 AC कमरे उपलब्ध
पार्किंग की व्यवस्था
पता :- पेट्रोल पंप के बाजू में, उमरपोटी, रिसाली
संपर्क सूत्र - जेना, फ्लावर्स - 9827103244
पताः- सांई बाबा मंदिर के पास, सेक्टर-6, भिलाई

Modicare
Save & Earn 30% to 50%
न किसी को कुछ समझाना, न किसी को कुछ बेचना...
सिर्फ और सिर्फ अपनी शॉप दुकान बदले और पाये
30% से 50% तक बचत का लाभ
आपकी रोज की जरूरत का लगभग हर सामान...
एक बार अपनी Regular Shop और Modicare का तुलनात्मक अध्ययन अवश्य करें...
SHRIKANT JAIN
98271 16933
94791 74525
www.modicare.com
Join us-Sponsor
MCA No.-71000742
Plot - 1, Street - 20, Smriti Nagar, Bhilai
PASSPORT, INSURANCE & RTO WORK
Visa, Holidays, EPF & Many More Services

NEW RASM Rooftop Restaurant
HOTEL SHIV PRABHA INN ★★★
HOTEL APANA
KESHARI LODGE
Town King
The Family Restaurant & Banquet
SPECIAL OFFER FOR:
BANQUET HALL BOOKING.
KITTY PARTY, BIRTHDAY, MARRIAGE ENGAGEMENT, MEETING, ETC.
Rooms Available Only 499/- Onword
Ranjan Gupta (DIRECTOR)
ORDER FOOD ONLINE ON ZOMATO & SWIGGY
47-C MARKET, NEAR SAPNA TALKIES, NANDINI ROAD, POWER HOUSE, BHILAI-DURG MOB: 9893215251, 8966981590

TVS चाहिये... नरेश आईये
तुलसी विवाह एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं
NARESH TVS ke sath GHUMO DUNIYA
TVS RAIDER
TVS Jupiter ZYADA KA FAYDA
TVS XL100 HEAVY DUTY i-TOUCH start
Sport MILEAGE KA BAAP
PURCHASE ANY VEHICLE AND GET A CHANCE TO WIN "INTERNATIONAL TRIP"
VIETNAM BALI CAMBODIA
FREE
HELMET | 1 YEAR EXTENDED ELECTRICAL WARRANTY | 2 YEAR FREE SERVICE | PETROL
AND ASSURED GIFT WORTH RS 6000*/-
अधिकृत विक्रेता : TVS MOTOR CO. LTD.
नरेश TVS | 78983-68258, 94079-85914
ICICI बैंक के सामने, कृष्णा टॉकीज रोड, रिसाली, भिलाई

।। श्री ।।
श्री गणेश टाईल्स एवं मार्बल
JAY PATEL
+91 9099331165
FLOOR TILES
WALL TILES
KITCHENWARE
BATHWARE
SANITARYWARE
GRANITE STONE
MARBLE ART
ADHESIVE & CHEMICAL
Ground floor, Bypass Underbridge, Dhamdha Naka, DURG -491001 (C.G)
ganeshatiles2024@gmail.com Helpline no. 07883546439

तुलसी विवाह एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं
HIMANSHU SHIVA
HIMANSHU BEVERAGE
PACKAGED DRINKING WATER
विजय अग्रवाल
अध्यक्ष-पेकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एसोसियेशन दुर्ग-भिलाई
जिला महामंत्री-अ.भा.अग्रवाल महासभा दुर्ग (छ.ग.)
प्रदेश सचिव-लघु उद्योग भारती
समाजसेवी
82-A, Industrial Estate Bhilai, Dist.-Durg (C.G.)
0788 4017901, Mob.: 95222 01616, 93018 34059
E-mail : shivatech2000@rediffmail.com

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-
फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण
"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"
बुकिंग के लिए संपर्क करें
7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
-: संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

शिवाजी पार्क
मांगलिक परिसर
बोरसी चौक, पोटिया रोड, दुर्ग
किफायत दर पर मांगलिक परिसर उपलब्ध है
सर्वसुविधायुक्त
- 1800 वर्गफीट का ए.सी. हॉल
- 12 ए.सी. व सामान्य रूम
- 12000, 20000, 40000 वर्गफीट लॉन
- 1300 वर्गफीट का पैक किचन व स्टोर
- शादी, पार्टी व अन्य मिटिंग तथा मांगलिक कार्य के लिए।
- पार्किंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था।
- डेकोरेशन एवं केटरिंग की सुविधा उपलब्ध
संपर्क कार्यालय :- मढ़रिया कॉम्पलेक्स
जेल चौक से पुलगांव रोड, मुक्त नगर, पद्मनाभपुर, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8839319360, 9303650593, 8962828541
Email : shivajiparkdurg@gmail.com

जगदम्बा डेयरी
स्वीट्स एवं स्नैक्स
दूध, दही, घी, पनीर
शुद्ध देशी घी से बनी मिठाईयाँ एवं नमकीन व डेयरी उत्पाद
जुनवानी रोड, पुष्पक नगर, दुर्ग
मो.: 9826121827, 9977645577

## खबर संक्षेप



### ठेठवार समाज की बैठक में किया संगठन विस्तार

**दुर्ग।** जिला यादव ठेठवार समाज द्वारा यादव ठेठवार भवन राजीव नगर दुर्ग मे दीपावली मिलन व कार्यकारणी बैठक किया गया। बैठक मे यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर दीपावली की बधाई दी गई । बैठक मे दुर्ग जिला यादव ठेठवार समाज के अध्यक्ष मुकेश यादव ने सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार किया। जिसमे महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमति अहिल्या यादव को बनाया गया। साथ ही मुकेश यादव द्वारा सीनियर संगठन मे संरक्षक कलीराम यादव, रोहित यादव, राधेलाल यादव, भुनेश्वर यादव, गेंदलाल यादव उपाध्यक्ष जनक यादव, संजय यादव, होमलाल यादव, महासचिव अशोक यादव, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार यादव, संगठन मत्री परमानंद यादव, रमेश यादव, प्रचार-प्रसार मंत्री शिव प्रसाद यादव, विधि सलाहकार कृष्णकुमार यादव अधिवक्ता, बृजराज यादव अधिवक्ता, गैंदलाल यादव अधिवक्ता, सांस्कृतिक अध्यक्ष करण यादव की नियुक्ति की गई व अब महिला प्रकोष्ठ श्रीमति अहिल्या यादव द्वारा संगठन विस्तार किया जाएगा। बैठक मे गुरूजी कलीराम यादव, भुनेश्वर यादव, जनक यादव, गैंदलाल यादव, मुकेश यादव, बृजराज यादव, अशोक यादव सहित दुर्ग जिला यादव ठेठवार समाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 20 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक 20 नवम्बर 2024 को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा डी.एम.एफ. से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा, पीएचईनल जल योजना की समीक्षा एवं टंकी सफाई के संबंध में प्राप्त शिकायत संबंधी जांच कमेटी के संबंध में जानकारी, लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित कार्यों एवं डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा, महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित तिथि को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### अनुदेशक नियुक्ति हेतु साक्षात्कार 18 को

**दुर्ग।** समग्र शिक्षा अंतर्गत 200 सीटर संजीवनी बालिका व संदीपनी बालक छात्रावास संचालित है। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार संजीवनी बालिका व संदीपनी बालक छात्रावास हेतु पृथक-पृथक 03-02 अनुदेशक नियुक्त किया जाना है। अनुदेशक को स्नातक, बीएड (विषय- कला संकाय, विज्ञान, गणित) होना अनिवार्य है। 18 नवंबर 2024 को जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा दुर्ग में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक साक्षात्कार रखा गया है। योग्यताधारी अपने प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में शामिल हो सकते है।

# चिटफंड की सवा लाख अर्जियां डंप, फरियादियों को नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वर्ष 2021 क़े अगस्त व सितंबर माह में लंबी कतारों में खडे होकर चिटफंड के जाल में फंसे सवा लाख से अधिक पीडितों ने प्रशासन को अर्जियां दी थी। उन्हें इस बात की उम्मीद थी कि आवेदन देने के बाद जल्द ही राशि मिल जाएगी। लेकिन यहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ऐसे चिटफंड कंपनी की कुंडली ही नही खंगाल पाई है। जिसके कारण उनके संपत्ति का आंकलन नही कर पाने के कारण अब तक कुर्की की कार्यवाही नही हो सकी है। लिहाजा साल बीतने के बाद भी पीड़ितों को मासूसी हाथ लगी है।

कांग्रेस की सरकार द्वारा चिटफंड कंपनी पर कार्यवाही कर डूबी रकम वापस करने का दावा किया गया था। लेकिन यह सब सिर्फ प्रयासों तक ही सीमट कर रह गया। राज्य की सत्ता में भाजपा सरकार को आए आधा साल गुजर गया है। लेकिन भाजपा की सरकार ने भी चिटफंड पर कार्यवाही करने कोई पहल नहीं की है। उल्लेखनीय है कि, तत्कालीन मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद 3 साल पहले जिलेभर से ब्लाको के जरिए आवेदन लिया गया था। इस दौरान जिले से सवा लाख से अधिक आवेदन आए थे। इसकी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करते करते प्रशासन के पसीने छूट गए थे। बहरहाल आवेदन लेने के बाद प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई। यह अब तक सार्वजनिक नही हो सका है। पीडितो द्वारा आवेदन किए जाने के बाद इस बात की पुष्टि हो गई कि, कितनी कंपनियों ने जिले के लोगों को ठगा है। लेकिन इस जानकारी के सामने आने के बाद भी न तो जिला प्रशासन और न ही पुलिस प्रशासन संपत्तियों को खोज पाई है। यही कारण है कि, चिटफंड कंपनियो के संपत्तियों की कुर्की प्रक्रिया अटकी हुई है।

## तीन साल बीतने के बाद भी फरियादियों को नहीं मिली राशि

### कोर्ट तक नहीं जा पाया प्रशासन

माना जा रहा था कि, पीडितों द्वारा आवेदन देने के बाद प्रशासन द्वारा न सिर्फ कंपनियों का चिन्हांकन करेगी, बल्कि नियमों के तहत कुर्की की प्रक्रिया के लिए जिला कोर्ट में अर्जी भी दी जानी थी। ताकि कोर्ट से कुर्की कि अनुमति मिल सके। लेकिन प्रशासन के समक्ष सवा लाख अर्जी आने के बाद भी एक भी प्रकरण कोर्ट में सुनवाई के लिए दर्ज नही कराया गया है। हालांकि प्रशासन के पहले चिटफंड संचालक कोट जरूर पहुंच गए।




### इन कंपनियों की होनी थी कुर्की

तत्कालीन अपर कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने कंपनी टोगो रिटेल मार्केटिंग कंपनी लिमिटेड, टोगो स्वास्थ्य एवं जन कल्याण संस्थान एवं सहयोगी कंपनी बामची केमिकल्स लिमिटेड, बेसिल इंटरनेशनल लिमिटेड, निक्सिल फार्मसिटीकल लिमिटेड, जैगपालीमर्स कंपनी लिमिटेड, मिलानी टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड, जियो साईन माईन्स-2, मेटल्स कंपनी लिमिटेड एवं पेट्रान मिनिरल्स एवं माइन्स लिमिटेड की संपत्ति कुर्क करने का प्रस्ताव तैयार किया था। लेकिन अब तक इन कंपनी की संपत्ति कुर्क नही हो पाई है।

**कार्यक्रम संशोधित:** दावा आपत्ति से लेकर निराकरण की तिथि भी बढ़ाई गई

# छूटे हुए मतदाताओं के जुड़ेंगे नाम अब अक्टूबर तक 18 साल की अर्हता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छग निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव कार्यक्रम में संसोधन किया गया है।

खबर का असर

जिसके तहत नाम जुडाने में छूटे हुए मतदाता फिर से आवेदन कर सकेगे। बडी बात यह है कि, आयोग ने पूर्व में निर्धारित नए वोटरों को नाम जुडाने के लिए एक जनवरी 2024 की तिथि निर्धारित की गई थी। जिसे संसोधित करते हुए अब एक अक्टूबर 2024 तक अठारह साल की उम्र पूरा करने वाले वोटर सूची में नाम जुडवा सकेगें।

छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम में हुए संशोधनों के परिक्षेप्य में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि नियत करते हुए उसके आधार पर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी आदेश एवं कार्यक्रम में पुनः संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचन नामावली तैयार करने का संशोधित कार्यक्रम के तहत दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करना 13 नवम्बर 2024, दावे, आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 20 नवंबर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक, दावे-आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तारीख 24 नवम्बर 2024, प्रारूप क-1 से रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर 2024, प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2024, दावे/आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर तक निर्धारित की गई हैं।


नाराजगी : अंतिम प्रकाशन के बाद स्थिति होगी स्पष्ट, नेताओं ने की शिकायत

अंतिम प्रकाशन के पहले ही विस के वोटरों के सूची से कट गए नाम

### अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर, पहले 27 नवंबर था

परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना 5 दिसम्बर 2024 तक, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण जिला कार्यालय को सौंपना 7 दिसम्बर 2024 तक। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपुरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करना 10 दिसम्बर 2024 तक और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।

## राजनीतिक दलों को मिलेगा पर्याप्त समय

### पहले ऐसे था आयोग का कार्यक्रम

प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 एवं दावा व आपत्ति नगर पालिक संबंधित निकायों में 16 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दोपहर तीन बजे तक किया जाएगा, वही निराकरण 29 अक्टुबर तक होगा। नगर पालिका निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को किया जाना था, हांलाकि इसमें 27 नवंबर किया गया। वही अब 11 दिसंबर कर दिया गया हैं।

### हरिभूमि की खबर का असर

हरिभूमि द्वारा अपने रविवार के अंक में नगरीय निकाय चुनाव के लिए तैयार किए गए सूची में आयोग की गलती से नाम हटने की खबर प्रकाशित की थी। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग तक गई थी। जिसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने दूसरे ही दिन सोमवार को संसोधन आदेश जारी किया है। राजनीतिक दलों हरिभूमि का आभार जताया हैं। अब संसोधन का लाभ प्रदेशभर के लोगों को मिलेगा।

### निगम का कार्यकाल ही समाप्त हो जाएगा

इधर नगरनिगम दुर्ग का कार्यकाल आगामी छः दिसंबर को समाप्त हो रहा है। लेकिन ऐसे में आयोग द्वारा एक बार फिर चुनावी कार्यक्रम में संसोधन कर राजनीतिक दलों की चिंता बढा दी है। निगम के कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी प्रक्रिया चलती रहेगी। ऐसे में माना जा रहा है कि, निगम में प्रशासक नियुक्त किए जा सकते हैं। ऐसे में यह पूर्णरूप से तय हो रहा हैं कि, राज्य शासन निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में हैं।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ बीईओ को संगठन ने सौंपा मांग पत्र

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा में अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। पांचवें चरण के आंदोलन में 11 नवंबर को दुर्ग विकासखंड के एसडीएम तहसीलदार व विकासखंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लॉक संचालक किशन देशमुख, प्रताप धनकर, मनीष साहू पदाधिकारियों ने बताया कि, मांगों में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत समयमान वेतनमान प्रदान किया जाए। समतुल्य वेतनमान, पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग का पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान, उच्च न्यायालय द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश जारी करने, शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ सीजीपीएफ खाता में समायोजित करने जयपन दिया गया। शिक्षक मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है। इसके तहत 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया। 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों में धरना, रैली प्रदर्शन कर मांग की गई। 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस पर की मांग शामिल है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक शत्रुघन साहू, चन्द्रशेखर तिवारी, संजीव मानिकपुरी, ब्लाक संचालक किशन देशमुख, प्रताप सिंह धनकर, मनीष कुमार साहू , जिला संचालक शत्रुघन साहू, चंद्रशेखर तिवारी आदि शामिल थे।

# डोड़की स्कूल में बच्चों को दी गई गुड व बैड टच की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ सुरक्षा के लिए हेल्प लाइन नंबर 1098 की दी जानकारी

शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को विद्यालय में गुड एवं बेड टच की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वधान में हेमचंद निषाद बच्चों को जागरूक करने अच्छे एवं बुरे स्पर्श एवं चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 की पुलिस द्वारा बच्चों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । बच्चों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ नहीं जाना और न ही उनके द्वारा दी गई किसी खाद्य सामग्री को खाना चाहिए । ऐसे किसी भी स्पर्श को जिससे हम असहज महसूस करे या हमें बुरा लगे बेड टच एवं ऐसे स्पर्श जिससे माता पिता या अन्य किसी व्यक्ति जिसके छूने से हमें असहज महसूस न करे अच्छा स्पर्श कहलाता है। ऐसे स्थिति में रोके, टोके, दूर, जाए और अपने माता पिता को जानकारी दें। साथ ही किसी भी परिस्थिति जिसमें आप भीड़ वाली जगहों पर बिछुड़ने की स्थित में आपने माता पिता का मोबाइल नंबर याद होने पर किसी भी व्यक्ति से मोबाइल पर बात करने 1098 पर काल करने या पुलिस की सहायता लेने जानकारी दी । कार्यक्रम में प्रधानपाठक यशवंत कुमार पटेल, शिक्षक खिलेश्वर साहू, शिक्षिका श्रीमती सोनी वर्मा की सहभागिता रही।

# मध्यान्ह भोजन की समूहों को नहीं मिली राशि, दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सरकारी स्कूलों में मध्यान भोजन का संचालन करने वाले समूहों को राज्य शासन द्वारा विगत कई माह से राशि जारी नही की गई हैं। जिसके चलते स्कूलो में मध्यान भोजन का संचालक गडबडा सकता हैं। समूहो को प्रति बच्चों के अनुसार कुकिंग राशि जारी की जाती है। इस राशि से ही समूह की महिलाएं योजना का संचालन करती है। लेकिन पिछले दो माह से राशि नही मिली है। यही नहीं उन्हें राज्य शासन द्वारा मानदेय भी जारी नही किया जा रहा है। जिससे परेशान समूहों ने सोमवार को हिन्दी भवन के सामने धरना प्रदर्शन कर राज्य शासन के खिलाफ नाराजगी जताई हैं।

## गौठान में लटक रहा ताला...




शहर क़े समीप ग्राम मोहलई में 14 लाख की लागत से तैयार किए गए आदर्श गोठान में लगा ताला।

# गाड़ी किराया का भुगतान नहीं किए जाने पर जनदर्शन में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जनदर्शन में मिले 95 आवेदन

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में आज 95 आवेदन प्राप्त हुए।

मरौदा रिसाली नगर भिलाई निवासी ने गाड़ी किराया का भुगतान नही किए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत उनका टाटा एस गाड़ी खाना लाने और ले जाने के लिए उपयोग होता है, किंतु एक वर्ष से संबंधित विभाग द्वारा गाड़ी किराया का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते गाड़ी का किशत जमा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तत्काल भुगतान की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुरानी बस्ती कोहका, वार्ड क्र. 13, भिलाई निवासियों ने आबादी पट्टा दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि 2017-18 में आबादी क्षेत्र में पट्टा वितरण किया गया था, तब इस क्षेत्र में निवासरत लोगों को भी पट्टा वितरण किया गया। किंतु इस क्षेत्र में कई वर्षो से निवासरत अन्य लोगों को पट्टा प्रदान नही किया गया।



### अतिक्रमण हटाने की मांग

फरीद नगर सुपेला भिलाई निवासी ने नियम विरूद्ध नाली व सड़क पर किये गये अवैध कब्जा को हटाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि कैलाश नगर वार्ड 21 में टाइल्स व मार्बल विक्रय की तीन मंजिला कामर्शियल इमारत का निर्माण किया गया है। इस संबंध में भवन निर्माण अधिकारी व जोन 2 के कार्यालय जाकर तथा पत्र देकर इसकी शिकायत भी की गई थी। निर्माणकर्ता ने मुख्य रोड पर नाली के उपर पक्का स्लेब ढलाई करके 15 फीट कब्जा कर लिया है। साथ ही सड़कों पर सामानों को रखा जा रहा है तथा वाहनों को खड़ा किया जाता है, जिससे आना जाना मुश्किल हो गया है। मुख्य रोड से मुड़कर क्रिश्चियन कॉलेज जाने वाले इस रोड पर दो बड़े अपार्टमेंट हैं जिसके आवागमन का यह एक मात्र रास्ता है। इसी मोड़ से क्रिश्चियन कॉलेज सहित अन्य स्कूलों, कालेजों की बड़ी बसों तथा ट्रकों को इस अतिक्रमण से अपने वाहनों को मोड़ने में कठिनाइयां हो रही हैं और हमेशा रोड में जाम की स्थिति बनी रहती है।

14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक होगी खरीदी

# केन्द्रों में न्यूनतम 72 सौ क्विंटल की बंफर लिमिट तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ खरीदी की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

आगामी 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक होने वाले धान खरीदी की तैयारी में प्रशासन जूट गया है। इस दौरान बताया गया है कि, उपार्जन केन्द्रों में कम से कम 72 सौ क्विंटल का बंफर लिमिट तय रहेगा। वही बडे किसानों को तीन और छोटे किसानों को दो बार टोकन जारी किया जाएगा।

किसानों द्वारा लाए गए टोकन और भौतिक रूप से किसानों के पास उपज की जांच किए जाने की बात कही गई हैं। अंतिम तिथि को संध्या 5 बजे के पूर्व खरीदी होगी, इससे पहले परिसर के अंदर दाखिल रहना होगा। कृषकों से 21 क्विंटल तक प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी की जाएगी। जिन कृषकों के द्वारा ग्राम के औसत उपज से अधिक टोकन प्राप्त किया जाएगा। उन टोकनों की जांच होगी। टोकन की जांच करने के लिए गिरदावरी की जांच के अतिरिक्त भौतिक रूप से कृषकों के पास उक्त धान की उपलब्धता की भी जांच होगी। अधिया/रेगहा लेने वाले कृषकों से वचन पत्र प्राप्त कर भू-स्वामी से सहमति पत्र भी लिया जाना है। कृषकों से अधिकतम 25 प्रतिशत की लिंकिंग की ऋण वसूली होगी। कृषकों को भुगतान पीएफएमएस से आनलाईन किया जाएगा। नामिनी नियुक्त कर धान बिक्री करने के लिए नहीं आ पाने वाले कृषकों से भी धान की खरीदी की जा सकेगी।


फाइल फोटो

### तौल मशीन की करनी होगी जांच

इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन केवल 1 वर्ष के लिए सत्यापित रहती है। अतः इसकी वैधता की जांच करना आवश्यक है। इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से खरीदी की जाएगी। अपवादात्मक स्थिति में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति से अन्य तौल मशीन का उपयोग किया जाएगा। कृषकों द्वारा लाये गये धान की नमी की जांच होगी। नमी की अधिकतम मात्रा 17 प्रतिशत होगी।

### विवाद का निराकरण करेगी गठित टीम

कृषकों द्वारा लाये गये धान की गुणवत्ता विवादास्पद होने पर समिति स्तर पर गठित दल के द्वारा निराकरण किया जाएगा। उपार्जन केन्द्रों में सरना, पतला एवं मोटा धान तथा नये पुराने बारदानों के अनुसार कम से कम 6 स्टेक लगाए जायेंगे जो सुव्यवस्थित व गिनती योग्य हो। उपार्जन केन्द्र धान के शेष स्टॉक का प्रत्येक शनिवार को नोडल अधिकारी द्वारा अपने मोबाईल एप्प के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

13


दीपावली मिलन समारोह में सुआ नृत्य की दी प्रस्तुति

**लाइव इवेंट**

## गौ सेवा आयोग व राज्य दुग्ध संघ में यादवों को मिले प्रतिनिधित्व



**दुर्ग।** भाजपा के संस्थापक सदस्य, पांच बार के पार्षद और दुर्ग शहर के कभी दिग्गज नेता रहे बिजे यादव ने पिछले दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह से मुलाकात की। वे यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। उन्होंने कहा मांग रखी कि गौ सेवा आयोग और राज्य दुग्ध संघ में केवल यादवों को प्रतिनिधि दिया जाए। इसकी वजह यह है कि प्रदेश में 35 लाख से ज्यादा यादवों हैं। सामाजिक रूप से पिछड़ा होने की वजह से रोजगार का संकट समाज के सामने रहा है। इतना ही नहीं गौ सेवा यादवों का मूल काम है, जो वे ज्यादा बेहतर तरीके से कर सकते हैं। सामने आने वाली परेशानियों और गौसेवा के विकास को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। डॉ. रमन सिंह ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना। साथ ही इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत कराने का भरोसा दिलाया।

- यादव समाज का प्रतिनिधि मंडल मिला विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से

बता दें कि बिसे यादव ने ही एक समय में डॉ. रमन सिंह को भाजपा की सदस्या दिलाई। बिसे यादव दुर्ग शहर के कद्दावेर नेता मानें जाते रहे हैं। लगातार स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के नाम एक मांगपत्र भी सौंपा गया। इसमें यादवों से जुड़ी मांग की गई। यादव समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव, योद्धा -नर्तन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश यादव, उपाध्यक्ष हर्ष हिंद यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बिसे यादव ने कहा गौ सेवा आयोग व राज्य दुग्ध संघ में यादवों को महत्व दिया जाए। छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्षों में यादव उपेक्षित रहे। वर्तमान सरकार अब यादवों के अधिकार से जनसंख्या के हिसाब से महत्त्व दे। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में यादवों की जनसंख्या लगभग 35 लाख है।

**सिटी इवेंट**

## बालोद की टीम 22 रन पर ढेर, सेंट थॉमस ने 10 विकेट से जीता मैच




**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित दुर्ग सेक्टर अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कल्याण कॉलेज मैदान में किया जा रहा है। सोमवार को खेले गए मैच में बालोद की टीम महज 22 रनों पर ढेर हो गई। जवाब में बैटिंग करने उतरी सेंट थॉमस कॉलेज की टीम ने बड़ी ही आसानी से बिना विकेट खोए निर्धारित लक्ष्य पा लिया और मैच जीत लिया। शासकीय महाविद्यालय बालोद की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। टीम 22 रन बनाकर आउट हो गई। सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा के गेंदबाज आलोक कुमार ने आतिशी गेंदबाजी की। उसने 6 विकेट लेकर बालोद कॉलेज की टीम की कमर तोड़ दी। एक बार भी संभलने का मौका नहीं दिया। वहीं समर्पित ने तीन विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी सेंट थॉमस महाविद्यालय बिना कोई विकेट खोऐ 26 रन बनाए। सौगात लहरें नॉट आउट 15 रन और गौरव सिंह नॉट आउट 8 रन बनाए। मैच के अंपायर हरप्रीत सिंह एवं अशोक रिगरी एवं स्कोरर विनोद देवघरे थे। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर राकेश तिवारी, नरेश दीवान, मुरली तिवारी, कैलाश वर्मा, मयंक डिन, मोहम्मद दाऊद अंसारी, सुनील डड़सेना, टुमन लाल देवांगन, राणा प्रताप सिंह, पीयूष साहू, विराज चौहान उपस्थित थे।

- कल्याण कॉलेज मैदान में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता

**आयोजन**

## राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन 16 को

**भिलाई।** छंद के छ परिवार का दीवाली मिलन समारोह अनवरत 2017 से लगातार हो रहा है। इस कार्यक्रम में छत्तसीगढ़ राज्य से सभी जिले के साहित्यकार अपनी उपस्थिति देकर छत्तीसगढ़ी महतारी भाखा को सजोर बनाने और मान बढ़ाने की दिशा में काम करते हैं।

- दीवाली मिलन समारोह में जुटेंगे प्रदेश के 100 से ज्यादा साहित्यकार और कवि


छत्तीसगढ़ अंचल के साहित्यकार, छंदकार इस गरिमामयी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छंदमय कवि सम्मेलन का आयोजन करते हैं। यह कार्यक्रम इस वर्ष कूर्मि भवन सेक्टर- 7 भिलाई में 16 नवंबर दिन शनिवार को आयोजित है। इसके मुख्य अतिथि संतोष झांझी वरिष्ठ साहित्यकार रंगकर्मी, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार होंगे। अध्यक्षता ईश्वरी वर्मा राजप्रधान-दुर्ग मनवा कुर्मी समाज करेंगे। छंद के छ के संस्थापक अरुण निगम आयोजन में मौजूद रहेंगे। एकदिवसीय इस कार्यक्रम में लगभग अंचल के 100 साहित्यकार भाग लेकर अपनी रचनाओं का कविता पाठ करेगें। इस आयोजन में चार साहित्यकार चोवाराम बादल, सुखदेव अहिलेश्वर, इंजी. गजानंद पात्रे, कमलेश शर्मा बाबू की पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक विजेंद्र कुमार वर्मा ने दी।

● सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए बहराणा उत्सव, गुरु लालजी और संत युद्धिष्ठिर हुए शामिल

# महिलाओं ने 1313 ज्योति कलश स्थापित कर पूजा, नदी तट पर की महाआरती, भजन-संध्या का भी आयोजन

सर्व सिंधी समाज यानी दुर्ग-भिलाई सहित पूरे जिले के सिंधी दुर्ग में जुटे। उन्होंने पहली बार सुख-समृद्धि और मनोकामना की पूर्ति के बहराणा साहेब की 1313 ज्योति कलश की स्थापना की। महिलाओं ने सिर पर रखकर शिवनाथ नदी के महमरा तट पर पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर इन ज्योति कलश का विसर्जन किया। इससे पहले नदी तट पर महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चकरभाठा बिलासपुर से सिंधी समाज के गुरु लालजी, रायपुर से आए गुरु युद्धिष्ठिर के स्वागत में शोभायात्रा निकाली गई। समाज के लोगों ने कहा कि शहर में अपने तरह का यह पहला आयोजन था। इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पार्षद नरेश तेजवानी सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।

**दुर्ग।** दुर्ग-भिलाई में सर्व सिंधी समाज द्वारा पूज्य बहराणा साहेब की 1313 ज्योति कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विशेष रूप से शदाणी दरबार रायपुर के संत साई युधिष्ठिर लाल, सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाठा बिलासपुर के साई लालदास और सिंधी समाज के कई अन्य संतों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। पंचवटी मांगलिक परिसर में संतों का भव्य अभिनंदन किया गया। शाम 5 बजे से सिंध म्यूजिकल ग्रुप ग्वालियर द्वारा संगीतमय सत्संग की प्रस्तुति दी गई। इसमें प्रमुख गायकों में जावेद और केशू ने सिंधी भाषा में भजन की प्रस्तुति दी। शाम 6:30 बजे साई लालदास साहेब ने प्रवचन के माध्यम से भक्तों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में समाज से नारायण मेघवानी, ज्ञानचंद रुपचंदानी, आसनदास, अनिल लोहानी, नरसिंह कुकरेजा, प्रेम शोभानी, राम बख्तयार, नवल हासिजा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर सामाजिक एकजुटता पर बल दिया गया। समाज के लोगों ने बताया कि बहराणा साहेब की ज्योति कलश स्थापना के लिए दुर्ग को मौका मिला, इसमें समाज की महिलाओं ने कलश उठाया। पूजा-अर्चना कर पूरे सम्मान के साथ नदी तट पर ज्योति कलश का विसर्जन किया।



### समाज के लोगों ने सामाजिक भागीदारी बढ़ाने लिया निर्णय

आमदी मंदिर से पार्षद और समाज के वरिष्ठ सदस्य नरेश तेजवानी ने बताया कि समाज की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी सहमति बनी है। इसके अंतर्गत समाज द्वारा नियमित रूप से समाज हित में कार्य किए जाएंगे। आगामी दिनों में इसे लेकर बैठक होनी है, जिसमें कार्ययोजना तैयार की जाएगी। समाज के प्रतिभावान का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद किए जाने का प्रयास किया जाएगा। हेल्थ कैम्प लगाए जाएं, जरुरतमंदों की मदद की जाएगी।



### भजन-संध्या में देर रात तक थिरकते रहे समाज के लोग



इस अवसर पर ग्वालियर की म्यूजिकल पार्टी द्वारा भजन-संध्या का आयोजन किया गया। इसमें आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। म्यूजिकल पार्टी के गायक जावेद ने सिंधी भाषा में गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने सिंधी भजनों से समाज के लोगों को थिरकने मजबूत कर दिया। इससे पहले नयापारा चौक से शोभायात्रा निकाली गई, जो पंचवटी पहुंची। जहां गुरु लालजी ने प्रवचन भी किया। इसके बाद भगवान झूलेलाल की आरती की गई। आरती में समाज के 1 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में इस प्रकार के आयोजन हर वर्ष कराए जाने सहमति बनाई गई।

## युवाओं की पहल, श्रमदान से संवरा रुआबांधा सेक्टर गणेश खेल मैदान

**भिलाई।** रुआबांदा सेक्टर स्थित गणेश खेल मैदान की नियमित रूप से सफाई नहीं हो रही थी। नियमित रूप से पार्षद और अन्य निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा था। इससे परेशान होकर वार्ड के कुछ युवाओं और लोगों ने मैदान को खुद साफ करने का निर्णय लिया। श्रमदान कर खेल मैदान को साफ किया। बता दें कि खेल मैदान रिसाली निगम में आता है। इस गणेश मैदान में सफाई न के बराबर होती है। तब जागरूक लोगों ने नियमित रूप से खेल मैदान को साफ करने का निर्णय लिया है। सफाई करने वाले युवाओं ने बताया कि कुछ लोग सुबह इस मैदान को दिशा मैदान के लिए उपयोग में ला रहे हैं। उन्होंने निगम के अधिकारियों से मांग की कि इस पर अंकुश लगवाएं। गणेश मैदान का पार्क स्वच्छ और सुंदर हो, जिससे बड़े, बच्चे, बुजुर्ग सभी को घूमने और बच्चों के खेलने के लिए एक अच्छा वातावरण मिल सके। पूर्व पार्षद सुनील साहू, सौरभ, अवध बिहारी, मनोज तोमर, मुरली, दिलीप विश्वरूप वर्मा, जालंधर, अमिताभ दत्ता, रविंद्र घोष इस दौरान प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह पार्क भगवान गणेश के नाम पर रखा गया है। इसकी अनदेखी हो रही है। सामूहिक प्रयासों से ही इस मैदान और यहां के गार्डन को सुरक्षित रखा जा सकता है।

- सफाई न के बराबर होने पर लोगों ने खुद सफाई करने का लिया निर्णय



## दिवाली मिलन समारोह में छग शिक्षक कांग्रेस के नए अध्यक्ष चुने गए बेनी राम




**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस का दीपावली मिलन समारोह तकियाापार स्थित शासकीय विद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नया अध्यक्ष बेनीराम देवांगन को चुना गया। आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला मुख्य रूप से मौजूद थे। उनके अलावा प्रांतीय महामंत्री सुनील यादव, पेंशनधारी कल्याण संघ के उप प्रांताध्यक्ष केएस जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे। जिला अध्यक्ष मोहसिन अली की सेवानिवृत के बाद दुर्ग जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया। सर्व सम्मति से प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला ने बेनी राम देवांगन को जिला अध्यक्ष, संदीप दुबे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुष्पा जोशी, रवि प्रधान को जिला उपाध्यक्ष तथा देवेंद्र कुमार वर्मा को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। कार्यकारणी के शेष पदों को घोषणा आगामी जिला बैठक में की जाएगी। समारोह को प्रांतीय पदाधिकारी सुनील यादव, राजेश द्विवेदी, केएस जायसवाल, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कलीराम यादव, विजय कुमार सिंह, सर्वेश्वर दयाल मिश्रा, हुकुमचंद सोनी एवं मोहसिन अली आदि ने संबोधित किया। प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति कोटे के विगत आठ वर्षों से रिक्त प्राचार्य के 3576 पद, व्याख्याता के 8203 पदों पर पदोन्नति नहीं होने पर नाराजगी जताई।

श्री दिगंबर जैनन पंचायत मंदिर वैशालीनगर में आयोजन, विधायक रिकेश हुए शामिल

## चातुर्मास का समापन, पुरानी पिच्छी त्याग नई ग्रहण की, नगर भ्रमण को निकली शोभायात्रा

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। श्री दिगंबर जैन पंचायत मंदिर की वैशाली नगर भिलाई में सोमवार को पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रम हुए। इसके ...थ चातुर्मास का समापन हुआ। इससे ...ले साध्वियों की पिच्छी परिवर्तन का कार्यक्रम हुआ। इसमें दुर्ग, भिलाई के अलावा आसपास के अन्य जिलों से भी जैन समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर साध्वी सौभाग्यवती का सत्संग हुआ। प्रवचन के बाद पूरे भक्ति भाव से पिच्छी परिवर्तन का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी पंकज भैया और महामंत्री अरविंद जैन ने किया। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन भी शामिल हुए। उन्होंने श्रीफल भेंटकर साध्वी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पर अष्ट धातु की थाल से देव शास्त्र गुरु की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन में समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### सत्संग में नमोस्तु करते हुए श्रीफल अर्पण

इस अवसर पर आयोजित सत्संग में नमोस्तु करते हुए श्रीफल अर्पण किया गया। साध्वी सौभाग्यवती के पद प्रक्षालन का लाभ कैलाश और मनीष को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट का सौभाग्य सोहनलाल, निर्मल कुमार को मिला। चारों माताओं को इस अवसर पर श्वेत श्याम वस्त्र भेंट किया गया। इसके भाग्यशाली धर्म बंधु में सर्वश्रेष्ठ बड़ी माता को समंती महिला मंडल, शिक्षा मति माता को रतनलाल अशोक कुमार, संक्षिप्त मति माता को ज्ञान महिला मंडल और दुर्ग नगर गौरव समक्ष माताजी को वस्त्र भेंटकर का धर्म लाभ सुनीता संजय बोहरा ने प्राप्त किया।



### कलश पूजन के साथ कार्यक्रमों की हुई शुरुआत

वैशालीनगर मंदिर ने शोभायात्रा दोपहर करीब 1 बजे निकली। लोगों को कलश पूजन के साथ साध्वी का सानिध्य प्राप्त हुआ। दोपहर करीब डेढ़ पर चित्र का अनावरण किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम हुआ। दोपहर 2 बजे मंगलाचरण हुआ। दोपहर 3 बजे से मंगल प्रवचन और इसके बाद कलश वितरण का कार्यक्रम हुआ। शाम के समय सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। संजय बोहरा ने बताया कि यह शहर के लिए सौभाग्य की बात है, कि माताओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।मुख्य रूप से त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6,वैशाली नगर दिगंबर जैन मंदिर, बाहुबली महिला मंडल, बहू मंडल, रूआबांधा, नेहरू नगर, राजिम सौभाग्य तीर्थ, राजनांदगांव सहित अन्य जिलों के जैन मंदिरों के प्रतिनिधि शामिल हुए।



## सिटी इवेंट

# दुर्ग जिले के 12 से ज्यादा गांवों में स्वास्थ्य मेले का होगा आयोजन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्त्व विभाग के माध्यम से आम-जनता तक स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रूप से पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत 9 नवम्बर से 8 जनवरी तक दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इनमें पाटन, धमधा तथा निकुम विकासखण्ड शामिल है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर पाटन विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) बटरेल में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के साथ इसका उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में विभिन्न विकासखण्डों के गांवों में निर्धारित स्थानों पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। निकुम विकासखण्ड में 13 नवम्बर को एसएचसी धनोरा, 20 नवम्बर को एसएचसी चिखली में व 28 नवम्बर को हाई स्कूल मंचादूर में तथा 12 दिसम्बर को एसएचसी कोटनी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। वहीं पाटन विकासखण्ड के शासकीय उच्च माध्यमिक स्कूल सेलूद में 18 नवम्बर को पीएचसी, बटरेल में 24 नवम्बर, 9 दिसंबर व 24 दिसंबर तथा एसएचसी सेलूद में 4 दिसंबर एवं 19 दिसंबर को एसएचसी मर्रा में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस पहल के तहत 27 नवबंर को दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड में एसएचसी नंदिनी-खुंदनी, 29 नवम्बर को हाई स्कूल मटरा में तथा 26 दिसंबर को एसएचसी अहेरी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा।



- विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 8 जनवरी 25 तक चलेगा

8 जनवरी 2025 को एसएचसी कोड़यिा स्वास्थ्य मेले के आयोजन के साथ ही इस कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन व भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम में नियोजित गतिविधियों में पीएमएसए दिवस, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों द्वारा स्कूल विजिट तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की वृद्धि के उद्देश्य से सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के माध्यम से संयंत्र के परिधीय व खदान क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बीएसपी द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के साथ कुशल चिकित्सकों द्वारा परामर्श देकर आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया जाता है।

## स्पोर्ट्स लाइव

# कबड्डी स्पर्धा के लिए बालक और बालिका का चयन 13 को



**भिलाई।** छग कबड्डी संघ एवं कबीरधाम जिला कबड्डी संघ कबीरधाम के संयुक्त तत्वावधान में कवर्धा में 22 से 24 नवम्बर तक 24वीं अंतर जिला जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें भाग लेने के लिये क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधायें विभाग एवं बीएसपी कबड्डी क्लब द्वारा, पंत स्टेडियम, सेक्टर 1 के कबड्डी ग्राउंड पर 13 नवम्बर को शाम 4 बजे से बीएसपी बालक एवं बालिका टीम के चयन के लिए स्पर्धा आयोजित की गई है। इस चयन स्पर्धा के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जाएगा। इस स्पर्धा के लिए केवल वही बालक और बालिकाएं पात्र होंगे, जिनका वजन 70 कि.ग्रा. या उससे कम बालक वर्ग के लिये (जन्म तिथि 31.12.2004 या उसके पश्चात हो) तथा वजन 65 कि.ग्रा. या उससे कम बालिका वर्ग के लिये हो (जन्म तिथि 31.12.2004 या उसके पश्चात) हो। जो कार्मिक खिलाड़ी भिलाई परिधीय क्षेत्र के युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने आधार कार्ड और 10वीं की मार्कशीट की मूल एवं छाया प्रति तथा 2 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 13 नवम्बर को शाम 4 बजे के पहले पंत स्टेडियम, सेक्टर 1 के कबड्डी ग्राउंड पर चयनकर्ता सुनिल कुमार गौड, विमला चंदेल और विकास कुमार के पास अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं अभिजीत भौमिक होंगे।

- 24वीं अंतर जिला जूनियर स्पर्धा कवर्धा में 22 से 24 नवंबर तक

## समाज इवेंट

# सेक्टर-2 में 15 को श्री देव दीपावली, जलेंगे 51000 दीये

**भिलाई।** शहर के सेक्टर-24, सड़क-2 में श्री देव दीपावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सिद्धश्री निकंदनराज दरबार भिलाई के तत्वावधान में यह आयोजन होने जा रहा है। 12 नवंबर से यह महोत्सव शुरू हो रहा है, जो 16 नवंबर तक चलेगा। आयोजिका रीता पुरी गोस्वामी ने बताया कि 15 नवंबर को 51000 दीये जलाए जाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। 12 नवंबर से महोत्सव शुरू हो जाएगा, जो 16 नवंबर तक रहेगा। यह आयोजन का 17वां वर्ष है। 12 नवंबर को मंदिर परिसर में रूद्राभिषेक होगा। 13 नवंबर को अखंड रामायण पाठ होगा सुबह 10 बजे से। वहीं 14 नवंबर को अखंड रामायचण पाठ संपूर्ण प्रातः सुबह 11 बजे से होगा। वहीं 15 नवंबर को शाम 6.30 बजे से दीप प्रज्वलन होगा। विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है शाम 7.30 बजे से। 16 नवंबर को शाम 6 बजे से पूर्णाहुति के बाद कार्यक्रम को समापन किया जाएगा।



## देव प्रबोधिनी एकादशी और तुलसी विवाह पर बनेगा सर्वार्थ सिद्धि अमृत योग

# चार महीने बाद योगनिद्रा से जागेंगे श्री हरि, शुरू होंगे मांगलिक कार्य, गन्ने से सजे मंडप में होगा विवाह

**भिलाई।** भगवान विष्णु चार माह की निद्रा के बाद आज देवउठनी के अवसर पर जागेंगे। इस दिन गोधूली बेला में घंटा, शंख की ध्वनि के बीच भगवान विष्णु को जगाया जाएगा। कार्तिक शुक्ल एकादशी के मौके पर सोमवार को शहर में देवउठनी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। गन्ने का मंडप सजाकर माता तुलसी का विवाह कराया जाएगा और भगवान विष्णु की पूजा होगी। यह पूजा भगवान विष्णु की जागृति पूजा होती है। देवउठनी के बाद अब सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे।

### बन रहा है दुर्लभ संयोग

ज्योतिषाचार्य पं विनोद चौबे ने बताया कि कार्तिक शुक्ल एकादशी पर इस बार केतु, चन्द्रमा के नक्षत्र हस्त को छोड़कर सूर्य के नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र मे प्रवेश करेंगे, वहीं आज पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि अमृत योग बना हुआ है। कोई भी नया कार्य शुरू करने से मानसिक शान्ति, अनुकूल वातावरण एवं दीर्घकाल तक लाभ मिलता है।





देवउठनी एकादशी से बजेगी शहनाइयां, भगवान विष्णु और तुलसी का होगा विवाह

### लोक कल्याणार्थ आज जागेंग विष्णु देव



ज्योतिषाचार्य पं विनोद चौबे ने बताया कि आषाढ़ी एकादशी यानी 17 जुलाई को चार माह के लिए भगवान श्रीविष्णु क्षीरसागर मे शयन करने चले गए थे, आज लोककल्याण के लिए फिर से जागेंगे। वाराह पुराण के अनुसार देवउठनी एकादशी को रात्रि में स्नानादि करके शयन करते हुए भगवान श्रीविष्णु का पंचामृत से अभिषेक करें, नैवेद्यादि अर्पित कर पुरुष सूक्त एवं विष्णु स्तोत्रों से भगवान को जगाये और तुलसी चौरा पर गन्ने से मण्डपाच्छादन कर लाल कपड़े से ढककर गोधुलि वेला में शालिग्राम से तुलसी विवाह कर उत्सव मनाएं, ऐसा करने से श्रीहरि भगवान विष्णुजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। जिस घर मे यह तुलसी विवाह उत्सव किया जाता है उस घर मे भगवती लक्ष्मी के साथ नारायण का वास होता है।

### विवाह व मांगलिक कार्यों के उत्तम मुहूर्त

ज्योतिषीय मुहूर्त विज्ञान में वैवाहिक मांगलिक कार्यों की शुरुआत देव उठनी एकादशी से विवाह, गृहारंभ के शुभ मुहूर्त आरंभ हो जाएंगे, लेकिन नूतन गृहप्रवेश एवं उपनयन संस्कार आदि के मुहूर्त के लिए माघ महीने की प्रतीक्षा करनी होगी। इस वर्ष मे विवाह मुहूर्त मात्र 11 ही शुभ मुहूर्त हैं जिनमे नवंबर माह में 17,22,23,24,25,26 एवं दिसंबर माह में 2,3,4,10 और 15 दिसंबर हैं। इसके बाद 16 दिसंबर को सुबह 7 बजे सूर्य धनु राशि मे प्रवेश कर जाएंगे और 14 जनवरी 2025 को दोपहर 2 बजकर 53 मिनट तक रहेंगे इस दौरान खरमास होने की वजह से विवाह आदि सभी प्रकार के मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। घरों मे स्थित तुलसी चौरा मे गन्ने का मंडप बनाकर मौसमी फल बेर, मूंगफली, सिंघाड़ा, शकरकंद एंव मीठा चढ़ाते हुए तुलसी महारानी का विवाह रचाया जाएगा और भगवान विष्णु की विधिवत पूजा की जाएगी। पद्म पुरण के अनुसार तुलसी में हमारे सभी पापों का नाश करने की शक्ति होती है मां तुलसी को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है।

### देवउठनी एकादशी को लेकर खूब बिके गन्ने

देवउठनी एकादशी को लेकर गन्ने की बिक्री शहर में खूब हुई। सोमवार को जगह-जगह गन्ने के दुकान लगे थे। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से गन्ना भारी मात्रा में बिक्री के लिए बाजार लाया गया था। पर देवउठनी को लेकर इस रविवार से ही गन्ने का दाम ज्यादा रहा। अनेक स्थानों में अच्छे क्वालिटी के गन्ने 150 से 200 रु जोड़ी तो कही 120 रु जोड़ी बिके। पूजा के लिए इसकी खरीदी जरूरी थी इसलिए लोगों ने मुंह मांगे कीमत पर गन्ने की खरीदी की।

### आखिर यह पर्व क्यों है विशेष, जानिए..

देव प्रबोधिनी एकादशी का उत्सव जीव द्वारा आध्यात्मिकतापूर्ण आत्मजागृति का उत्सव है, आज इड़ा पिंगला और सुषुम्ना नाड़ियां दिव्यता को प्राप्त कर ईश्वरत्व की ओर उन्मुख होती हैं, व्यक्ति परमपिता परमात्मा से सीधे जुड़ने का यत्न करता है, जिसे व्यावहारिक शब्दों मे कहा जाता है देवताओं का द्वार खुल जाता है। आज त्रिरात्रि व्रत और चातुर्मास का समापन होता है, और आज से पांच ज्ञानेन्द्रियों के क्रमशः जागरण का महाव्रत जिसे भीष्मपञ्चक व्रत कहा जाता है उसकी शुरुआत होती है जो पांच दिनों तक कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा (देव दीपावली) तक चलता है, यह जीव की उत्कृष्ट अवस्था होती है।

## अक्षय नवमी पर आयोजन...

# दीपावली मिलन समारोह में सुआ नृत्य की दी प्रस्तुति

**दुर्ग।** ब्राह्मण समाज लुचकी पारा भवन में दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन संरक्षक राम विशाल शर्मा और सामाजिक जनों की उपस्थिति में की गई। स्वागत भाषण अध्यक्ष कमल नारायण शर्मा ने दिया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुमन पांडे ने अपने उद्बोधन में दीपोत्सव की बधाई देते हुए अक्षय नवमी की शुभकामानाएं दी।विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में आरती शुक्ला, प्रणिता शुक्ला, अपर्णा चौबे, संध्या तिवारी, उषा वंदना, सुमन शर्मा, क्षमा द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सुवा नृत्य किया। प्रमोद शर्मा सहित विविध शैली में अविरल तिवारी, कमलेश तिवारी, हिमांशु द्विवेदी, अमित शर्मा, ज्योति शर्मा, प्रणेता शुक्ला, अक्षित शर्मा, अमितेश तिवारी, संतोष उपाध्याय और ताम्रध्वज मिश्रा द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया।



**आंवला नवमी पर बांटी सुहाग सामाग्री, हुए विविध रंगारंग कार्यक्रम**



### रंगोली में अक्षित शर्मा को किया गया सम्मानित

समाज के सचिव प्रदीप पांडे, कोषाध्यक्ष कमलेश तिवारी, विधि अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के हित में कार्य करने की बातें कही। युवा प्रकोष्ठ के गठन की जिम्मेंदारी अमितेश तिवारी, सौरभ पांडे और अमित शर्मा को दी गई। जिन्होंने जल्द से जल्द 50 युवाओं को समाज में जोड़कर सामाजिक गतिविधि को और उन्नत बनाने की बातें कही। आंवला नवमी के अवसर पर आंवले वृक्ष की पूजा अर्चना कर सुमन पांडे एवं मीना पांडे द्वारा सभी महिलाओं को सुहाग सामग्री दिया गया।

## संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

# छत्तीसगढ़िया वाणिज्य उद्योग महासंघ ने विशिष्ठजनों का किया सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के तत्वावधान में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे प्रदेश के छत्तीसगढ़िया व्यापारी सम्मिलित हुये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के प्रमुख प्रदेश अध्यक्ष शेखर वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए तहसील स्तर पर इकाई का गठन कर रणनीति तैयार की गई।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष शेखर वर्मा ने सभी व्यापारियों को दीपावली एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 24 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य व्यापार की दृष्टिकोण से सबसे तेजगति से न आगे बढ़ते दिखाई दे रहा हैं।

आज छत्तीसगढ़िया छोटे व्यापारियों को नए उद्योग लगाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। प्रदेश मिडिया प्रभारी ईश्वर पटेल ने बताया कि तहसील स्तर पर इकाई के गठन और संगठन को मजबूत बनाने पाटन, राजिम, गरियाबंद, आरंग, कुरूद, धमतरी, कांकेर, बिलासपुर, महासमुंद, बिलासपुर में बैठक की तैयारी शुरू हो चुकी है।

**दिवाली मिलन समारोह का आयोजन**

कार्यक्रम में दिलीप टिकरीहा प्रदेश उपाध्यक्ष, ललित साहू प्रदेश कोषाध्यक्ष, ईश्वर पटेल प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रितम सिन्हा जिलाध्यक्ष दुर्ग, कुबेर चंद्राकर, मासीस साहू , करण भारद्वाज, त्रिलोचन साहू जिलाध्यक्ष रायपुर , निधि चंद्राकर घनश्याम सिन्हा, गोविन्द साहू , मनोज साहू लक्ष्मण साहू , नारायण साहू , समीर यदु, लोकेश साहू , सत्या बंजारे , विनोद महार, पूरन साहू, सत्यम भवानी, निधी चंद्राकार , भूषण साहू, मनीष देवांगन, देवेन्द्र नेताम , कुलेश्वर साहू, विजय चंद्रवंशी, लिलेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

## आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# तेलुगु भाषी विवाह योग्य युवक-युवती चुनेंगे मनपसंद जीवनसाथी, दो सौ से ज्यादा पंजीयन

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में बालाजी मंदिर के आंध्र भवन ऑडिटोरियम में तेलुगु भाषी विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए मेगा इवेंट आयोजित किया गया। इस इवेंट में प्रदेश के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा के दो सौ से ज्यादा विवाह योग्य युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। इनमें अमेरिका, कनाड़ा, ऑस्ट्रेलिया तथा सिंगापुर के युवक-युवती भी शामिल हैं। परिचय वेदिका (सम्मेलन) की शुरुआत श्रीदेवी-भूदेवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। 2015 में पहली बार परिचय वेदिका की शुरुआत हुई थी।



### पंजीयन में ज्यादा थी युवकों की संख्या

पंजीयन कराने का सिलसिला सुबह दस बजे ही आरंभ हो गया था, जो शाम को पांच बजे के बाद भी जारी रहा। ट्विनसिटी के अलावा आसपास के शहरों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायगढ़, चिरमिरी, कटनी, मनेंद्रगढ़ के सैकड़ों युवक-युवती और उनके अभिभावक उपस्थित थे। पंजीयन में युवतियों की तुलना में युवकों की संख्या बहुत ज्यादा थी। इस अवसर पर आंध्र महिला मंडली की अध्यक्ष पेरि पद्मा, रायपुर आंध्र एसोसिएशन के उपाध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी, एक्सक्यूटिव मेंबर्स बीवीएस राजकुमार, डी अनंतराव एवं एल रूबेशराव का शॉल देकर सम्मान किया गया।

### वैवाहिक रिश्ते जोड़ने का प्रयास

आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव और सचिव पीएस राव ने कहा कि विवाह योग्य युवक-युवतियों की विस्तृत जानकारी एक हफ्ते बाद भी कार्यालयीन समय में आकर प्राप्त कर सकते हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं को एक-दूसरे से परिचय कराना और उनके विवाह की संभावनाओं को अंतिम परिणति तक पहुंचाना। हमारा प्रयास ऐसे बच्चों को एक प्लेटफार्म देना, जिससे उन्हें मनपसंद जीवनसाथी को चुनने में मदद मिल सके।

### सम्मेलन में इनका रहा योगदान

सम्मेलन में उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, सहसचिव बीए नायडु व एनएस राव, प्रबंधकारिणी सदस्यों के लक्ष्मीनारायण, सीएच श्रीनिवास, एस रवि, वाई भास्करराव, पी मुरहरी, के वेंकटराव, वेंकटेश्वर राव, के रमणमूर्ति, जेके राजू, एलएन राव, आर श्रीनिवास, जीवीकेएम रेड्डी, एम पद्मकिशोर, के श्रीनिवास, पी धर्माराव, केएल प्रसादराव, दुर्योधन रेड्डी, पी केशवराव, गणेश, बुच्चि लिंगम, एसवी विजय कुमार, पी हरिकृष्णा, वाईवीएस शर्मा, ए गोविंद राव, वीएसएस श्रीधर, ए सूर्य नारायण, आर गोपालराव बी महेंद्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### भाजपा में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं हरप्रसाद



**सेलूद।** भारतीय जनता पार्टी मध्य मंडल पाटन के ग्राम ढौर निवासी हरप्रसाद आडिल ने 106 ऑनलाइन सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य बन गया है। इसके पहले 2005 से 2010 तक जनपद पंचायत पाटन के जनपद सदस्य के रूप में कार्य कर चुका है तब से आज तक विभिन्न गतिविधियां सामाजिक, राजनीतिक, कृषि शिक्षा, समाज सेवा स्वयं सहायता समूह, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण युवा इत्यादि क्षेत्र में कार्य का अनुभव रहा है। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर संगठन में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुड़पार शक्ति केंद्र प्रभारी रहकर पिछला विधानसभा व लोकसभा में पार्टी प्रत्याशी विजय बघेल के लिए कार्य किया है।

## निधन

### ललिता देवी



**भिलाई।** ए-36, श्रीराम हनुमान मंदिर के सामने खण्डेलवाल कॉलोनी निवासी ललिता देवी का निधन 11 नवंबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 12 नवंबर को निवास स्थान से शिवनाथ नदी तट मुक्तिधाम दुर्ग के लिए निकलेगी। वे अशोक खण्डेवाल की पत्नी एवं विनय, वितेश की मां, किशन की भाई बहू, गोपाल की भाभी और राजेश, आशीष, सुधीर, सचिन, गौरव की चाची थीं।

### सुआ महोत्सव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज पहुंचे

# पीपरछेड़ी में अनोखा उत्सवः 50 से अधिक समूहों ने सुआ नृत्य की दी मोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

दीपावाली के अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन एवं आर्दश मित्र मंडल समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एक दिवसीय सुआ महोत्सव का आयोजन रविवार को ग्राम पीपरछेड़ी में बड़े हर्ष उल्लास के सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस आयोजन के लिए समिति को बधाई दी आगे कहा है कि पहले छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली गतिविधियों से होती थी लेकिन पूर्व में हमारी सरकार ने राज्य की गौरवशाली परंपरा और पुरखों के सपनों को पूरा करने का काम शुरू किया था जिससे एक नई पहचान बनी, लेकिन आज राज्य में हर वर्ग के लोग भाजपा सरकार से परेशान है।

सारी योजना बंद कर दिए, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह भी आरोप लगाया कि जो लोकहितकारी योजनाएं चल रही थी उन्हें भी भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। सिर्फ महतारी वंदन योजना चल रही है। उसमें भी नव विवाहिता जो हैं उनके लिए पोर्टल नहीं खोला गया है। जो छूट गए हैं उन्हें नहीं जोड़ा जा रहा है। वृद्धा पेंशन में कटौती कर दी है। गौधन न्याय योजना बंद कर दिए गए हैं, राजीव युवा मितान क्लब योजना बंद, राजीव गांधी किसान न्याय योजना बंद, भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना बंद, बिजली बिल हाफ योजना बंद, बेरोजगारी योजना बंद सारी योजना बंद कर दी गई है। इस आयोजन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ मिलकर गांव के युवा सदस्यों ने ग्रामवासियों के सहयोग से काफी मेहनत किया था जिसका सुखद प्रतिफल रहा कि इस आयोजन में भाग लेने के लिए 50 से अधिक पंजीयन हुए और हर उम्र की महिला समूह और ऊर्जावान बेटियों की टीम ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन करते हुए आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सबको अपनी जगह पर ही बैठे रहने के लिए मजबूर कर दिया। सभी प्रतिभागी मंडलीयों को आयोजक समिति द्वारा 1000 नगद, प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पहुंचे।

इस आयोजन में दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड, केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, वन समिति सभापति लक्ष्मी साहू, पार्षद सीमा साहू, सहकारिता कांग्रेस अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, हरेंद्र देव, नोहर साहू, रुपेश देशमुख, बुधवंतीन मधुकर, कृष्ण मूर्ति यादव, अजय वैष्णव आदि उपस्थित थे।

### दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय सुवा महोत्सव का समापन



### युवा पीढ़ी को संगठित करने का कार्य करेगी

ताम्रध्वज साहू ने भी उत्साही प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन में कोई कमी नहीं की। स्वयं भी इस आयोजन में 2 घंटे से अधिक समय रहकर सुआ नृत्य का आनंद लिया। आयोजित सुआ नृत्य महोत्सव को लेकर उन्होंने कहा कि दीपावली उत्सव पर छत्तीसगढ़ में पारंपरिक रूप से सुआ नृत्य किया जाता रहा है और कई जगहों पर छोटे-छोटे आयोजन होते रहते हैं उसी को वृहद स्वरूप देकर यह आयोजन पिछले साल से किया जा रहा है जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारे कला और संस्कृति के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी और साथ ही युवा पीढ़ी को संगठित करने का कार्य करेगी। इस प्रतियोगिता के संरक्षक केशव बंटी हरमुख ने कहा कि ऐसे आयोजन की महती आवश्यकता है, छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति को हम सबको मिलकर जीवंत रखना है इसीलिए हमने ऐसे आयोजन लगातार प्रतिवर्ष करने का संकल्प लिया है और यहां पर ऐसे आयोजन से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को एक नई दिशा मिलेगी।

### ये टीम रही विजेता

प्रतियोगिता में गायन पक्ष में प्रथम पुरस्कार सुवा सखी सुवा नृत्य नेवई बस्ती दुर्ग, द्वितीय पुरस्कार गौरी गौरा सुवा दल सिलघट जिला बेमेतरा, तृतीय पुरस्कार जय बुढ़ा देव सुवा दल ननकट्ठी, चतुर्थ पुरुस्कार पिंजरा के सुवा दल कुशमुंडा जिला बलौदाबाजार एवं पंचम पुरुस्कार जय बुढ़ा देव सुवा दल जंजगिरी दुर्ग की टीम विजेता रही। वहीं इस प्रतियोगिता में रिकाडिंग सुवा डांस में प्रथम पुरुस्कार मोर सुवा डांस ग्रुप मरोदा, द्वितीय स्थान नगर पंचायत उतई, तृतीय पुरुस्कार मोर पड़की परेवना सुवा डांस ग्रुप कोटनी, चतुर्थ पुरुस्कार जय बजरंग सुवा दल रसमड़ा एवं पंचम पुरुस्कार जय माँ सुवा दल ग्राम मतवारी की टीम विजेता बनी।

# पाटन ब्लाक के शिक्षकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। सेलूद

शिक्षक एलबी संवर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर पाटन ब्लाक के सभी शिक्षक संघों ने शासन के नाम से पाटन एसडीएम, तहसीलदार पाटन बीईओ पाटन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य मांगों में मोदी के गारंटी के तहत, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करना समतुल्य वेतनमान पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करना, पूर्ण सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन की निर्धारण करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करना उच्च न्यायलय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक WA/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति/समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश करना। शिक्षक व कर्मचारियों को केन्द्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाए और जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ / सीजीपीएफ खाता में करना। इस अवसर पर पाटन ब्लाक संयोजक चेतन परिहार, वेदराम जांगडे, सालिक राम ठाकुर, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, प्रदेश पदाधिकारी ओम प्रकाश पांडे, घनश्याम मंडावी, कृष्ण राज पांडे, बलराम वर्मा, गुनेश्वर वर्मा, हिरेन्द्र वर्मा, योगेन्द्र साहू, अशोक सिन्हा, टिकेश्वर यदु, सनत नेताम, एचएन कश्यप उपस्थित थे।

- मोदी की गारंटी के तहत शिक्षकों ने वेतन विसंगति दूर करने की मांग की
- शिक्षक व कर्मचारियों को केन्द्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाए

## बिजनेस साइट

### देवउठनी के अवसर पर कंबाइन मशीन की खरीदारी



**भिलाई।** यूं तो प्रत्येक दिन अपने आप में श्रेष्ठ दिन होता है क्योंकि ईश्वर द्वारा रचित कैलेंडर मास को चैलेंज करना मानव मात्र के बस की बात नहीं है फिर भी प्रकृति के नियमों का पालन करते हुए ऋतुओं को देखते हुए ऋषि मुनियों द्वारा मांगलिक कार्य करने के लिए 365 दिनों में शुभ दिवसों की घोषणा कर उसके महत्व का दर्शाते हुए प्रेरणात्मक अनुभव करते हुए मानव मात्र के मस्तिष्क में सनातन के प्रति श्रद्धा का दीप जलाए हुए हैं। इसी कड़ी में देवउठनी के शुभ अवसर पर बगडूमार बेमेतरा के कृषक ने खेती कार्य में उत्कृष्ट सेल्फ प्रपोल्ड बहू फसली कंबाइन मशीन केएस 9300 अपने लघु भ्राता भूपेंद्र पटेल को दिलवाकर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे ग्राम वासियों को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया। यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए परपौड़ी ग्राम के कुशल व्यवसायी एवं समाजसेवी आलोक जैन मारोटी, अभिनव मारोटी एवं मां भवानी हाइड्रा के संचालक भजन सिंह, कमला मोटर्स के संचालक कैलाश जैन बरमेचा, सह संचालक सीएमए पद्मेश जैन, सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, अभियंता किशोर निषाद, आगंतुक शंखनादिनी नंदिता सामंत, मशीन की चाबी ग्रहण करते हुए बागडुमार बेमेतरा के कृषक रूपेंद्र पटेल, धन्नु साहू, हरेंद्र साहू आदि साथी गण। कमला मोटर्स से निकलकर गंतव्य की ओर जाती हुई मशीन जनमानस के दिनचर्या में लगे हुए भाग दौड़ में कुछ पल का ठहराव लाकर होठों पर मीठी मुस्कान बिखेर देती है।

### रॉयल एनफील्ड ने ग्राहकों को सौंपी बाइक की चाबियां



**भिलाई।** देश की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी में शामिल 'सिद्धि रॉयल्स' ने इस फेस्टिवल सीजन में नया इतिहार रचा और 100 से ज्यादा ग्राहकों को बाइक की चाबियां सौंपी। फेस्टिवल सीजन में धनतेरस के शुभ अवसर पर रॉयल एनफील्ड के अधिकृत डीलर 'सिद्धि रॉयल्स' 100 ज्यादा ग्राहकों की खुशियों में शामिल हुआ। इस विशेष उपलब्धि पर बात करते हुए 'सिद्धि रॉयल्स' के संचालक रोमिल राठी ने कहा कि हम अपने सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हम पर विश्वास किया और 'सिद्धि रॉयल्स' के परिवार का हिस्सा बनना चुना। यह हमारे लिए न केवल एक व्यावसायिक उपलब्धि है, बल्कि 100 से अधिक परिवारों की खुशियों में शामिल होने का सौभाग्य भी है। उन्होंने 'सिद्धि रॉयल्स' की पूरी टीम की ओर से सभी नए रॉयल एनफील्ड ओनर्स को सुरक्षित और आनंदमय यात्राओं की शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'सिद्धि रॉयल्स' द्वारा सभी ग्राहक को फ्री में हेलमेट उपलब्ध कराने के साथ ही घर बैठे फ्री टेस्ट राइड, न्यूनतम ब्याज दर, न्यूनतम डाउनपेमेंट पर ग्राहकों को बाइक खरीदने की सुविधा सुपेला, दुर्ग, बेमेतरा और पाटन शोरूम में दी गई थी। अधिक जानकारी के लिए ग्राहक शो रुम में विजिट कर सकते हैं।

### निःशुल्क आरोग्यवेदा सेवा पखवाड़ा 4 से 18 तक



आरोग्यवेदा संस्थान नर्सिंग होम एक्ट में लाईसेंस पंजीकृत है

**भिलाई।** 7वां राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस माह के अवसर पर 4 से 18 नवंबर तक 15 दिवसीय आरोग्यवेदा हास्पीटल नेहरू नगर भिलाई एवं उतई में रीढ़-स्पाइन व हड्डी-जोंड़ों संबंधित बीमारियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। जिसमें रीढ़ से संबंधित विभिन्न बीमारी जैसे- साईटिका, नसों का चिपकना, वातरोग (आर्थराईटिस), सर्वाइकल स्पांडिलाईसिस, लंबार स्पांडिलाईसिस, रेडीकुलोपैथी, झुनझुनापन साथ ही फ्रोजन सोल्डर कंधों में जकड़न व अच्छे तरह नही घूमना, घुटने का ना मुड़ना, दर्द व चलने में कठिनाई होना, एड़ी की हड्डी का बढ़ना, चलने में कठिनाई, लकवा (पेरालिसिस) व सभी जोड़ो में दर्द रहना, सूजन, आपरेशन के बाद जकड़न व अन्य तकलीफ इत्यादि का परीक्षण / सलाह, दिया जाएगा साथ ही साथ शिविर में सभी का 50% शुल्क के साथ होलिस्टिक मेडीसीन पद्धति व मशीनों द्वारा चिकित्सा भी किया जाएगा। निःशुल्क परामर्श का समय सुबह 8 से 12 बजे तक आरोग्यवेदा हास्पीटल, नेहरू नगर भिलाई (गुरूद्वारा रोड) दोपहर 3 से 6 बजे तक - आरोग्यवेदा हास्पीटल उतई नगर शुभम के मार्ट के पास किया जाएगा। यह आरोग्यवेदा संस्थान नर्सिंग होम एक्ट में लाईसेंस पंजीकृत है। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक व होलिस्टिक स्पाइन केयर विशेषज्ञ पंजीकृत आयुष चिकित्सक डॉ. प्रेमलाल पटेल, "18 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव (पूर्व चिकित्सक : फुकेत-बैंकाक (थाईलैंड), दिल्ली, कलकत्ता एवं अपनी टीम के साथ सेवाएं देंगे।

### महिलाओं ने आंवला अक्षय नवमी मनाई



**धमधा।** कृष्ण कुंज वार्ड 8 में महिलाओ ने आँवला अक्षय नवमी कार्यक्रम मनाई गई।

इस अवसर पर महिलाओं ने आंवला पेड़ की पूजा अर्चना कर परिवार के सदस्यों की लंबी आयु, सौभाग्य एवं बेहतर सेहत की कामना की। इस अवसर पर पूजा के बाद आंवले के पेड़ की परिक्रमा भी की गई। साथ ही आंवला पेड़ के नीचे बैठ कर महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर आंवला पेड़ की विशेष पूजा की जाती है इसे अक्षय नवमी भी कहते हैं। इस अवसर पर प्रतिमा यादव , शशि यादव, यशोदा कहार, पदमिनी पांडे, ज्योति जैन, आशा यादव, सरस्वती यादव, श्यामबति यादव सहित अनेकों महिलाएं उपस्थित थीं।

### भाजपा संगठन चुनाव मंडल स्तरीय कार्यशाला कल

**जामगांव आर।** भाजपा संविधान के अनुसार पूरे देश में पार्टी का संगठन चुनाव होना है। राष्ट्रीय और प्रदेश संगठन के आदेशानुसार जिला संगठन के निर्देश पर मंडलों और बूथों में संगठन चुनाव संपन्न कराना है। इस हेतु दक्षिण पाटन मंडल की आवश्यक मंडल कार्यशाला 13 नवंबर को जामगांव आर जैन भवन में 11 बजे आयोजित किया गया है। कार्यशाला में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दक्षिण पाटन मंडल के प्रभारी रोहित साहू, मंडल चुनाव प्रभारी रविशंकर सिंह, डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक, जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया एवं राजेश बंछोर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यशाला में समस्त प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, बुथ अध्यक्ष, समस्त सक्रिय सदस्यों सहित समस्त कार्यकर्ताओ आमंत्रित है। राजेश बंछोर निर्वाचन प्रभारी, कमलेश साहू निर्वाचन सहप्रभारी की विशेष उपस्थिति रहेगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र.-202411104400004**
**ब-121 वर्ष-2024-25 ग्राम-डोमा**
**प.ह.न.-05**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लालाराम साहू पिता स्व. दुखितराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम डोमा तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा ग्राम डोमा प.ह.नं.-05 राजस्व निरीक्षक मंडल बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी ने अपने माता सोनारिन बाई पति दुखितराम साहू का मृत्यु दिनांक 29.11.2020 को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

जिस किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति/ दावा हो तो वे स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 19/11/2024 तक लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
मुहर **तह.-बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सुचना**

मै अपने पक्षकार रविचन्द्र बरनवाल पिता श्री दुर्गा प्रसाद बरनवाल, निवासी 12/ब उतई रोड, वार्ड न.62, स्टेशन मरोड़ा भिलाई, सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की ओर से प्रदत्त एवं अधिकार अनुसार सर्व साधारण को सूचित करता हुं कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा धनोरा, प. ह.नं. 53, रा.नि.मं. उतई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित जमीन जिसका खसरा नं. 542/32 रकबा क. 0.009 हे. = 1028 वर्गफीट, नाप 20.5 x 48 = 1028 वर्गफीट, सीमा उत्तर में नंदू बोरकर व शरद जैन की जमीन, दक्षिण में खुशबु साहू की जमीन, पूर्व में अन्य की जमीन, पश्चिम में 25 फीट का रोड स्थित भूमि जो की उत्तरा बाई साहू पति राम प्रसाद साहू, निवासी- 10/बी, सड़क 37, सेक्टर 04, भिलाई, दुर्ग तह. व दुर्ग (छ.ग.) के स्वत्व एवं अधिपत्य की में दर्ज है जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किया जा रहा है खरीदने का सौदा पक्का कर उसे बयाना दे दिया है, जिसके साक्ष्य स्वरूप मेरे पक्षकार एवं उक्त विक्रेता के मध्य विक्रय अनुबंध निष्पादित हुआ है। मेरा पक्षकार उक्त विक्रेता को विक्रय मूल्य की शेष राशि अदा कर उससे अपने हक में उपरोक्त अनुबंधशुदा भूमि के विक्रय विलेख की लिखापढ़ी वो रजिस्ट्री करवाना चाहता है। यदि उपरोक्त अनुबंधशुदा भूमि पर अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी दीगर का, किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हक, हिस्सा, हित, अधिकार या दावा हो अथवा किसी भी को उपरोक्त सौदे पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर हो एवं जिस किसी जन सामान्य किसी व्यक्ति, बैंक, फर्म, संस्था, साहूकार का कोई ऋण बकाया हो या कोई आपत्ति उजर या दावा हो तो वे इस सूचना प्रकाशन तिथि से दस दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय वैध दस्तावेजी प्रमाण मेरे कार्यालय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरा पक्षकार उपरोक्त विक्रेता से अपने हक में उपरोक्त अनुबंधशुदा भूमि के विक्रय विलेख की लिखापढ़ी वो रजिस्ट्री करा लेगा और तत्पश्चात प्रस्तुत समस्त दावे वो आपत्तियां पूर्णतः शून्य एवं अवैध होगी तथा मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारी वो बाध्यकारी नहीं होगी। तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का बिक्री पंजीयन अपने नाम पर कराने में स्वतंत्र होगा।

सो सुचना से अवगत होवे। दिनांक-

भुनेश्वर कुमार रजक अधिवक्ता,
जिला व सत्र न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो.नं. 93401 69465, 62608 98145

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# यूनिवर्सिटी में तीसरे और चौथे सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हेमचंद यूनिवर्सिटी ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए कॉलेज विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मंगवाए हैं। सेमेस्टर कक्षाओं (बी.एड. तथा एनईपी अंतर्गत शामिल कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) के नियमित ,भूतपूर्व,एटीकेटी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एलएलएम, एलएलबी द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम सेमेस्टर एटीकेटी के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।परीक्षा दिसम्बर-जनवरी 2024-25 हेतु ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट के माध्यम आवेदन करना है। इसके लिए शुल्क भी निर्धारित की गई है।

## 13 नवंबर से विभिन्न परीक्षाओं के लिए आवेदन व शुल्क तय

### परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आवेदन करने की तिथि

परीक्षार्थी 13 से 25 नवंबर तक आवेदन करेंगे। इसके बाद विलंब शुल्क 100 के साथ 26नवंबर से 28 नवंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन गरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी तीन समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों में 14 नवंबर से 29 नवंबर तक जमा करना है। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों को जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण गोसवार, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र, ऑनलाईन रोज लिस्ट ऑनलाईन वैरिफाईड लिस्ट, परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी 30 नवंबर तक रखी गई है। परीक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षा आवेदन फार्म विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 2 दिसंबर है।

### यूजर आईडी व पासवर्ड का उपयोग

प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-25 (बी.एड. प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) में प्रवेशित परीक्षार्थी नामांकन फार्म भरने के समय उपयोग की गई यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगइन कर परीक्षा फार्म भरेंगे। प्रथम सेमेस्टर के एटीकेटी / भूतपूर्व परीक्षार्थी पूर्व में सम्मिलित परीक्षा के समय उपयोग की गई यूजर आई डी. एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगइन कर परीक्षा फार्म भरेंगे। तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के परीक्षार्थी कमश द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में प्रयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लागईन कर परीक्षा फार्म भर सकेंगे।

### परीक्षा फार्म में त्रुटि सुधार निःशुल्क

जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम अघोषित या रोके गये है। ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम जारी होने के तीन दिवस के भीतर अपना परीक्षा आवेदन अनिवार्य रूप से भर सकेंगे। परीक्षा फार्म में होने वाली त्रुटियों का सुधार महाविद्यालय के आई. की, के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। छात्र-छात्रा परीक्षा फार्म में होने वाली त्रुटियों का सुधार संबंधित महाविद्यालय से निःशुल्क करा सकते हैं।त्रुटियों का निराकरण महाविद्यालय स्तर पर होना है। त्रुटियों के सुधार हेतु विद्यार्थी विश्वविद्यालय आते हैं तो उन्हें त्रुटि सुधार शुल्क 120 रुपए देने होंगे।

### परीक्षा आवेदन की वैधता

यदि कोई परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा है और निर्धारित तिथि तक यदि वह अपनी हार्ड करता है तो उसके परीक्षा आवेदन करने की वैधता समाप्त हो जाएगी। कापी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क की राशि भी वापस नहीं की जावेगी।

**हेल्पलाइन नंबर भी जारीः** परीक्षा हेतु आवेदन करते समय आने वाली कठिनाईयों के समाधान के लिए यूनिवर्सिटी ने हेल्पलाईन नंबर भी जारी किया गया है। 07314850140,07314850101 पर कार्यालयीन समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों प्रेर निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिसके लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहेंगे।

### ये शुल्क देने होंगे विद्यार्थियों को

महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से अग्रेषण शुल्क के रूप में 30 में से 15 रुपए प्रति परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा आवेदन फार्म रोल लिस्ट/गोसवारा/शुल्क सूची के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा करेंगे। हार्डकापी जमा करने के समय किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा फीस वापस नहीं होगी। समस्त कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत परीक्षार्थी नामांकन आवेदन करने के उपरांत ही परीक्षा आवेदन फार्म भरेंगे। बिना नामांकन आवेदन परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**बीएड के आवेदन अलग से भरेंः** बी.एड प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन फार्म पृथक से भराए जायेंगे। जो परीक्षार्थी आतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल नहीं हुए हों या सेमेस्टर के मध्य में अंतराल (गेप) हो उनके आवेदन कालेज प्रबंधन आगे नहीं बढ़ाएगा।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा के नाम पर उगाही सीएम व विधायक से की शिकायत

**भिलाई।** नेशनल ह्यूमेन वेलफेयर कॉउसिल ने शिक्षा के नाम पर उगाही करने वाले एजुकेशन के नाम पर अवैध उगाही करने वाले के खिलाफ हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग को लिखित में शिकायत किया है। चेयरमेन तरुण निहाल का आरोप है कि मनसा ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा छात्र-छात्राओं से बीएड कोर्स में नॉन एटेंडिंग के नाम पर हजारों रुपए का डिमांड किया जा रहा है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कालेज प्रबंधन को रियायत करने की मांग की गई लेकिन रियायत नहीं किया गया। जो छात्र-छात्राएं अनियमित है उनसे इस प्रकार कि वसूली किया जा रहा है। जो शिक्षा के अधिकार के खिलाफ है। कालेज प्रबंधन के खिलाफ सीएम, विधायक रिकेश सेन , कुलपति को लिखित में शिकायत की गई है।

### युवा उत्सव पर भाषण गीत और नृत्य प्रतियोगिता

**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल में युवा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें छात्र, छात्राओं ने भाषण, गीत एवं नृत्य की प्रस्तुत दी। इस अवसर पर कोलॉज पेंटिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने छात्र, छात्राओं को युवा उत्सव के महत्व बताते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## देश की बड़ी और अग्रणी परियोजनाओं में बीएसपी का लोहा, बढ़ रही डिमांड

# सबसे बड़े समुद्री पुल और सेला टनल में भी भिलाई इस्पात संयंत्र का लोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश की बड़ी और अग्रणी परियोजनाओं में बीएसपी के स्टील की डिमांड बढ़ रही है। पिछले करीब एक साल में बीएसपी ने कुही फ्लाईओवर के लिए 7126 टन टीएमटी बार्स की सप्लाई की है। इतना ही नहीं 5500 टन प्लेट्स भी महाराष्ट्र भेजा गया है। इसका उपयोग राजमार्ग की परियोजनाओं में किया

■ 5500 टन प्लेट्स भेजा गया महाराष्ट्र

जा रहा है। सितंबर 2023 से 2024 तक इसकी सप्लाई की जा चुकी है। डिमांड के अनुरूप लगातार सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा भी बीएसपी का लोहा देश के अलग-अलग हिस्सों में भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय महत्व की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में हमारे यहां के लोहे का इस्तेमाल हो रहा है। इसमें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना प्रमुख है। इसे भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना के रूप में जाना जाता है।

### कुही फ्लाईओवर के लिए 7126 टन टीएमटी बार्स की सप्लाई



### रेलवे ओवर ब्रिज के लिए भी लोहे की सप्लाई

वर्ष 2023-24 के दौरान वर्धा-यवतमाल आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) परियोजना के लिए बीएसपी द्वारा लगभग 1610 टन प्लेट्स, एंगल और टीएमटी की आपूर्ति की गई है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना, जिसे भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना के रूप में जाना जाता है। इसमें उपयोग के लिए बड़ी मात्रा में टीएमटी बार्स की आपूर्ति की गई है। मुंबई में समुद्र के ऊपर निर्मित अटल सेतु पुल के लिए 13,800 टन टीएमटी बार्स और 2080 टन प्लेट्स की आपूर्ति की गई है। बांद्रा-वर्ली सी लिंक परियोजना में उपयोग के लिए बड़ी मात्रा में टीएमटी बार्स और रॉड्स की आपूर्ति की गई है।

### असम के ढोला-सादिया पुल में हमारा स्टील

अधिकारियों ने बताया कि असम राज्य में बने ढोला-सादिया पुल के लिए हमारे यहां यानी बीएसपी से तैयार स्टील की आपूर्ति की है। संयंत्र ने नई दिल्ली में निर्मित सेंट्रल विस्टा परियोजना में उपयोग हेतु लगभग 8500 टन टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है। संयंत्र ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल के निर्माण में उपयोग के लिए 5922 टन टीएमटी बार्स, 6454 टन प्लेट्स और 56 टन स्ट्रक्चरल्स सहित 12,432 टन वांछित ग्रेड के स्टील की आपूर्ति की है।

भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल अटल सेतु, अरुणाचल प्रदेश में सेला टनल, हिमाचल प्रदेश में अटल टनल, देश की राजधानी में निर्मित सेंट्रल विस्टा परियोजना और जम्मू-कश्मीर में बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल शामिल हैं।

उपयोग के लिए बड़ी मात्रा में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वांछित ग्रेड के टीएमटी बार और प्लेट्स की आपूर्ति की है। इसके साथ ही महाराष्ट्र में कई फ्लाईओवर परियोजनाओं और रेलवे ओवर ब्रिज के लिए वांछित ग्रेड के स्टील की आपूर्ति कर रही है।

## लीज नवीनीकरण के हजारों मामले हैं भिलाई नगर निगम में पेंडिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आम आदमी पार्टी आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि भिलाई निगम 1000 लोगों के साथ पक्षपात कर के हिमालय कमर्शियल कांपलेक्स की लीज नवीनीकरण कैसे कर सकता है। इस मामले में उन्होने वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन से सवाल किया।

■ आम आदमी पार्टी ने निजी नवीनीकरण की शिकायत की

आम आदमी पार्टी ने लीज नवीनीकरण करने के विषय पर भिलाई निगम के द्वारा पक्षपात कर हिमालय कम्प्लेक्स की लीज नवीनीकरण करने तथा निगम क्षेत्र की अन्य नागरिकों के मकान दुकान का लीज नवीकरण न करने की विरुद्ध आयुक्त को शिकायत की। उन्होने कहा कि सूचना के अधिकार के तहत जानकारी चाही गई तो राजस्व अधिकारी ने तृतीय पक्ष कर आदित्य गोलचा की आपत्ति पर जानकारी देने से मना कर दिया।

नियमितीकरण के हजारों मामले नगर तथा ग्राम निवेश विभाग में लंबित है। सूचना के अधिकार के तहत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने बताया कि कर उनके कार्य क्षेत्र के अंतर्गत नियमितीकरण के 4000 मामले लंबित हैं। जिला दुर्ग में उन मामलों में मकानों दुकानों की लगभग 1000 मामले ऐसे हैं जो नियमितीकरण होने के बाद लीज नवीनीकरण के इंतजार में हैं। इनमें वह मामले भी हैं जिसमें दुकान मकान परिवार के सदस्य के नाम पर है और उनकी मृत्यु हो चुकी है। नियमितीकरण के बाद पुत्र के नाम पर नामांतरण होना बाकी है। कुछ मामले ऐसे भी है जिसमें मकान दुकान के सौदे हो चुके हैं। नियमित कारण के बाद लीज रिन्यू होने के इंतजार में है। दक्षिण गंगोत्री में कई दुकान नियमितीकरण के बाद लीज नवीनीकरण का इंतजार कर रहे हैं। प्रेसवार्ता में हरचरण सिंह, जसप्रीत, बलविंदर, के ज्योति, अविनाश गायकवाड, रवि साहू मौजूद थे।

## बहन की शादी के लिए ट्रक चालक को 25 हजार की आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन ने सोमवार को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। संस्था के चालक सदस्य कृष्णा राम की माता उमा देवी सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई की उपस्थिति में छोटी बहन कुमारी सीमा के विवाह के लिए 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद की। एसोसिएशन के द्वारा 25000 रुपए नगद सहयोग राशि प्रदान की गई। एसोसिएशन के संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग, गनी खान, गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग छोटू, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंग लल्लू,

■ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा निभाई गई सामाजिक जिम्मेदारी

उपाध्यक्ष बलविंदर सिंग, दिलीप खटवानी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, लाला, रिजजु सिंह, सुनील यादव, रमन राव, वाजिद अंसारी, कमलेश्वर सिंग, गुरप्रीत सिंग, सोम सिंग, मोनी सिंग सहित अन्य इ दौरान मौजूद थे। सभी ने बहन सीमा को आशीर्वाद दिया। विवाह की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## आंवला नवमी महापर्व मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका जामुल वार्ड 10 में रविवार को त्रंबकेश्वर मंदिर परिसर में आंवला नवमी महापर्व वार्ड पार्षद रामप्यारी वर्मा के नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड की महिलाएं ने आंवला पेड़ के पूजा की एवं खीर बनाकर आयोजक महिलाएं द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। वार्ड पार्षद रामप्यारी वर्मा एवं इंद्राणी पांडेय, रज्जू यादव, पूजा यादव, मीनाक्षी वर्मा, शोभा मन्ना, रूपा यादव, सुनीति निषाद, प्रियंका सारथी, सीता साहू, सुनीति सारथी, पिंकी यादव, लक्ष्मी साहू, रामेश्वरी साहू, डेरहिन निषाद, मीना साहू, ममता यादव, भुनेश्वरी कौशल, राजेश्वरी, फुलवारी यादव, सविता साहू, कुमारी निषाद, ज्योति निर्मल एवं मुहल्ले के नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# निपानी में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ग्राम निपानी में यंग स्टॉर क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता राजेश ठाकुर ने की। प्रमुख अतिथि नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो, रवि सिन्हा सदस्य जप, सीता अनिल सिन्हा सरपंच, जिनेश जैन राजा सरपंच, जागेंद्र सिन्हा उपसरपंच, वेदप्रकाश ठाकुर ने वीर हनुमान एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना पश्चात किया गया। मुख्य अतिथि ज़िपं उपाध्यक्ष साहू ने ग्राम निपानी के कबड्डी के बादशाह स्व.गजेंद्र सिंह ठाकुर को याद किया और खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलते हुए ग्राम, ब्लॉक, जिला, राज्य स्तर पर हमारे क्षेत्र का नाम रोशन करे। बलॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारा



■ जिपं उपाध्यक्ष अशोक एवं अन्य जनप्रतिनिधि ने फीता काटकर किया शुरु

गाँव निपानी कबड्डी के नाम से पूरे क्षेत्र में विख्यात है। मुझे गर्व हो रहा है कि हमारे युवा पीढ़ी आज भी हमारे गांव की गरिमा को बनाए हुए हैं, भविष्य में इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिए।

इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष टेकेन्द्र सिन्हा, सचिव दिलीप सिन्हा, हेमसिंग साहू, वेदप्रकाश ठाकुर, खम्हन ठाकुर, लोकेश सिन्हा, रोहित सारथी, मयंक मिथलेश आदि उपस्थित थे।

## पौधे और सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित

# ओए ने बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में किया गया। इस समारोह में सेफी चेयरमेन एवं आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित उपाध्यक्ष द्वय तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव द्वय संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।

सम्मान समारोह में उपस्थित अधिकारियों तथा उनके जीवनसंगिनियों का आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारीगण अपनी सेवा काल के अविस्मरणीय क्षणों को संक्षिप्त में उल्लेख किया। उन्होनें ओए के द्वारा किए गये सफल प्रयासों




की सराहना करते हुए भविष्य में भी लम्बित मांगों पर आवश्यक पहल करते रहने की अपील की। इस सम्मान समारोह में डॉ. मीनाक्षी दवे, एडिशनल सीएमओ मेडिकल, वी अनिल कुमार, डीजीएम ईडीडी, अजय कुशवाहा, डीजीएम ओएचपी, दीपक कुमार नायक, एजीएम प्रोजेक्ट, सतीश कुमार पंचानगम, एजीएम आरएसएम का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इनमें मुख्य रूप डॉ. मीनाक्षी दवे, एडिशनल सीएमओ मेडिकल, वी अनिल कुमार, डीजीएम ईडीडी, अजय कुशवाहा, डीजीएम ओएचपी, दीपक कुमार नायक, एजीएम प्रोजेक्ट, सतीश कुमार पंचानगम, एजीएम आरएसएम आदि ने अपने अनुभवों व यादों को साझा किया।

समारोह के अंत में ओए के महासचिव परविंदर सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का वर्णन, उनके उज्जवल भविष्य व सुखद स्वास्थ्य की कामना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आफिसर्स एसोसिएशन ने अधिकारियों की समस्याओं को सदैव ही गंभीरता से लिया है। जिसके फलस्वरूप कई बड़े मुद्दों पर हम कामयाबी हासिल कर सके हैं। हम आपकी सेवा में सदैव तत्पर थे और तत्पर रहेंगे। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया।

### दीर्घ व उत्कृष्ट योगदान का सम्मान है : बंछोर

समारोह के प्रारंभ में अपने स्वागत उद्बोधन में सेफी चेयरमेन एवं ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि यह समारोह आपके दीर्घ व उत्कृष्ट योगदान का सम्मान है। ओए अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि मेडिकल की सुविधाओं को बढ़ाने हेतु कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी एवं सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने सुझाव संयंत्र की सुरक्षा, उत्पादन, उत्पादकता व अनुरक्षण, टाउनशिप एवं मेडिकल सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु हमें हमेशा देते रहें। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने सदैव ही अधिकारियों के मुद्दों के प्रति सजग रहा है और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किया है। जिसके फलस्वरूप सम्मानजनक पे-रिविजन, सेल पेंशन स्कीम को लागू करवाना, सेवानिवृत्त पर मिलने वाले अवकाश नगदीकरण की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करना, 11 माह के पर्क्स के एरियर्स का मार्ग प्रशस्त करना, बेहतर पदनाम, भिलाई इस्पात संयंत्र की नई माइंस को चालू करवाने हेतु सहयोग एवं भिलाई को अवैध कब्जामुक्त करने जैसे अहम मुद्दों के लिए जमीनी संघर्ष करते हुए सफलता हासिल की है।

